.वर्ष 13, अंक 225
गैरसैंण
शुक्रवार
23 दिसम्बर 2022
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं

दैनिक जयन्त

www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


### सीएम धामी ने अधिकारियों को दिये निर्देश

## उत्तराखंड में शुरू करें बूस्टर डोज लगाने के कैम्प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय में बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि कोविड-19 पर प्रभावी नियंत्रण के लिए राज्य में बूस्टर डोज लगवाने का अभियान चलाया जाए।

बूस्टर डोज लगवाने के लिए शुक्रवार से ही कैम्प लगाना शुरू करें। जनपदों में बूस्टर डोज के लिए कैम्प लगाए जाएं। सभी जनपदों में कंट्रोल रूम सक्रिय किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड के जो भी नये मामले आयेंगे, उनकी जीनोम सिक्वेंसिंग भी कराई जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बूस्टर डोज लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए। इसका विभिन्न माध्यमों से व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी किया जाए। उन्होंने मुख्य सचिव को कोविड की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड बूस्टर डोज की जितनी आवश्यकता है, शीघ्र केन्द्र सरकार को डिमांड भेजी जाए। सभी आवश्यक संसाधनों की पूर्ण उपलब्धता रखी जाए। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बैठक में वर्चुअल प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि बूस्टर डोज पर सबसे अधिक ध्यान दिया जाए। राज्य में कोविड की प्रथम एवं द्वितीय डोज लगभग शत प्रतिशत लोगों को लग चुकी है। बूस्टर डोज के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। बैठक में मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, डीजीपी अशोक कुमार, सचिव रंजीत सिन्हा, डॉ. आर राजेश कुमार, विनोद कुमार सुमन, अपर सचिव श्रीमती अमरदीप कौर एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

## 2027 से दौड़ेगी बुलेट ट्रेन, दिन रात काम में जुटे हैं 25 हजार कर्मचारी

**सूरत, एजेंसी।** जापान के आर्थिक सहयोग और स्वदेशी कल-पूर्जे से बनाए जा रहे बुलेट ट्रेन के काम ने गति पकड़ ली है। एक चौथाई काम पूरा कर लिया गया है। पहली ट्रेन अहमदाबाद से मुंबई के बीच चलेगी। गुजरात में 220 किमी की पायलिंग हो चुकी है। 120 किमी का पिलर बनकर तैयार है। महाराष्ट्र का काम भी रफ्तार में है। 98 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण हो चुका है। नेशनल हाई-स्पीड रेल कार्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के प्रबंध निदेशक राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि जून 2026 तक बुलेट ट्रेन का ट्रायल हो जाएगा। अगस्त 2027 से ट्रेन दौड़ने लगेगी।राजेंद्र ने भारत में जापान के राजदूत हिरोशी सुजुकी के साथ सूरत में बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट स्थल का दौरा किया। एक लाख आठ हजार करोड़ रुपये की इस परियोजना की लागत का 81 प्रतिशत हिस्सा जापान दे रहा है। किंतु ऐसे कई कल-पूर्जे लगाए जा रहे हैं, जो पूरी तरह स्वदेशी हैं। अहमदाबाद से मुंबई के बीच कारिडोर की कुल लंबाई 508 किमी है, जिसका 348 किमी हिस्सा गुजरात, 156 किमी महाराष्ट्र एवं शेष चार किमी दादरा नगर हवेली में पड़ेगा। सफर में कुल 12 स्टेशन पड़ेंगे, जिनमें आठ गुजरात और चार महाराष्ट्र में होंगे।

यह दूरी अधिकतम तीन घंटे में तय की जा सकती है। वैसे ट्रेन की अधिकतम गति शक्ति 350 किमी प्रति घंटे होगी परंतु परिचालन की गति 320 किमी प्रति घंटा से ज्यादा नहीं होगी।

### पाले से किसानों को हो रहा नुकसान

**श्रीनगर गढ़वाल** : पाला आमजन के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। सड़कों पर पाला पड़ने से जहां एक ओर दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है वहीं सब्जियां और फसलें भी खराब हो रही है। श्रीनगर में पाला पड़ने से लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इससे सबसे ज्यादा नुकसान सब्जी उत्पादकों को झेलना पड़ रहा है। पाले से सब्जियां व फसलें खराब हो रही हैं। किसानों का कहना है कि बारिश न होने की वजह से पाला पड़ने से उनकी फसलें झुलस रही हैं। जिससे उन्हें नुकसान झेलना पड़ रहा है। (एजेंसी)

### सड़क पर पलटा सीमेंट का ट्रक

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्रीनगर में चौरास पुल के समीप गुरुवार प्रातः के समय एक सीमेंट से भरा ट्रक (सीमेंट कैप्सूल) हाईवे पर पलट गया। जिससे हाईवे पर आवाजाही प्रभावित रही।

इसके कारण एनएच पर वाहनों की आवाजाही ज्यादा होने के दौरान ट्रैफिक नियंत्रण में भी दिक्कतें आई। एसएसआई संतोष पैथवाल ने बताया कि इस घटना में ट्रक चालक ठीक है। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक सुचारु रखने के लिए यहां पर पूरी व्यवस्था की गई है। कहा रात के समय क्रेन से ट्रक को उठा दिया जाएगा। (एजेंसी)

### खाई में गिरी कार, चालक घायल

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्रीनगर कोतवाली के अंतर्गत देलचौरी-खंदूखाल मार्ग पर एक कार सड़क से करीब 30 मीटर नीचे खाई में गिर गई। दुर्घटना में चालक सुधांशु खंडूड़ी (31) ग्राम सेम मुर्गुंड को चोटें आई हैं। एसएसआई संतोष पैथवाल ने बताया कि चालक द्वारा दुर्घटना का कारण वाहन के सामने अचानक तेंदुआ का आना बताया गया है। उन्होंने बताया कि घायल स्वयं ही वाहन से निकला। जिसकी स्थिति ठीक है। कहा चालक को हल्की चोटें आई हैं। (एजेंसी)

### रेहड़ी चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्रीनगर कोतवाली पुलिस ने नगर पालिका परिषद श्रीनगर की रेहड़ी चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसएस-।आई संतोष पैथवाल ने कहा कि 21 दिसंबर को नगर पालिका कर्मी शशि कुमार ने थाने में तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया कि श्रीकोट सुलभ शौचालय के पास से कूड़ा उठाने वाली रेहड़ी को अज्ञात ने चोरी कर दी है।

इसकी विवेचना एसआई अजय कुमार को दी गई। कहा रात गश्त के दौरान पुलिस टीम को शनि मंदिर के पास चौरास जाने वाले रास्ते पर चोरी की गई रेहड़ी के साथ सुशील निवासी देहलचौरी व शहनवाज निवासी कंसमर्दिनी श्रीनगर को पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने रेहड़ी को चौरास क्षेत्र के किसी कबाड़ी को बेचने जा रहे थे। कहा दोनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। (एजेंसी)

### पांच साल से फरार चल रहा वारंटी गिरफ्तार

**श्रीनगर गढ़वाल** : कोतवाली पुलिस श्रीनगर ने 2017 से फरार चल रहा वारंटी गिरफ्तार किया है।

एसएसआई संतोष पैथवाल ने बताया कि वारंटी श्रीनगर निवासी हर्षपति 2017 से फरार चल रहा था। कहा जिसके विरुद्ध न्यायालय से लगातार वारंट जारी किए जा रहे थे। न्यायालय के वाद से बचने के लिए वह हरिद्वार में रह रहा था। जिसे पुलिस टीम ने रोशनाबाद से गिरफ्तार किया है। टीम में एसआई रणवीर रमोला व कांस्टेबल दीपक मेवाड़ शामिल रहे। (एजेंसी)

### हवाई यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर संबंधी फर्म अनिवार्य करने की तैयारी

**नई दिल्ली , एजेंसी।** चीन समेत अन्य देशों में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच केंद्र सरकार हरकत में आ गई है। इसके मद्दनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय यात्रा से 72 घंटे पहले की गई आरटी-पीसीआर जांच की जानकारी भरने से जुड़े एयर सुविधा फर्म को फिर से अनिवार्य करने की तैयारी कर रहा है। यह नियम चीन और अन्य देशों (जहां कोरोन के मामले बढ़ रहे हैं) से आने वाले यात्रियों पर लागू होंगे। फर्म में कोरोना जांच रिपोर्ट के साथ पूर्ण टीकाकरण प्रमाण की जानकारी भी भरनी होगी।

दरअसल, चीन और कुछ अन्य देशों में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में अचानक वृद्धि के मद्देनजर देश में कोविड की स्थिति की समीक्षा के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक हुई थी। इसके बाद सूत्रों ने बताया था कि दुनिया के कुछ हिस्सों में मामलों में हाल में हुई वृद्धि के कारण चीन और अन्य देशों से आने वाले यात्रियों के लिए हवाई अड्डों पर यात्रियों की रैंडम जांच की जाएगी।

### पीएम मोदी ने की उच्च स्तरीय बैठक

## पीएम ने की लोगों से मास्क पहनने की अपील




नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में कोविड-19 की स्थिति पर उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और सभी राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सचिव शामिल हुए। इस दौरान कोरोना के नए वैरिएंट के खिलाफ लड़ाई के एक्शन प्लान पर चर्चा हुई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोविड-19 पर एक उच्च-स्तरीय बैठक में भीड़ भरे सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने, टेस्टिंग बढ़ाने और जीनोमिक सीक्वेंसिंग का आग्रह किया। उन्होंने कमजोर और बुजुर्ग समूहों के लोगों के लिए श्एहतियात खुराकश को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया।

प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, प्रधानमंत्री को जानकारी दी गई कि 22 दिसंबर 2022 को समाप्त सप्ताह में भारत में मामलों में लगातार गिरावट देखी जा रही है, औसत दैनिक मामले 153 तक गिरे हैं और साप्ताहिक सकारात्मकता 0.14ः तक हो गई है।

जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया कि सभी स्तरों पर संपूर्ण कोविड बुनियादी ढांचा, उपकरण, प्रक्रियाओं और मानव संसाधन के मामले में तैयारियों के उच्च स्तर बने रहे। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को बताया गया कि दवाओं, टीकों और अस्पताल के बेड के संबंध में पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने आवश्यक दवाओं की उपलब्धता और कीमतों की नियमित निगरानी करने की सलाह दी है।

पीएमओ के मुताबिक, च्ड मोदी ने कहा कि कोरोना महामारी अभी खत्म नहीं हुई है। उन्होंने अधिकारियों को विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर चल रहे निगरानी उपायों को मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने राज्यों को अक्सीजन सिलेंडर, पीएसए संयंत्रों, वेंटिलेटर और मानव संसाधन सहित अस्पताल के बुनियादी ढांचे से संबंधित कोविड विशिष्ट सुविधाओं का लेखाजोखा करने की सलाह दी।

प्रधानमंत्री ने सभी से हर समय कोविड के उपयुक्त व्यवहार का पालन करने का आग्रह किया। विशेष रूप से आगामी त्योहारी मौसम को देखते हुए उन्होंने लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की। उन्होंने भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने चीन और अमेरिका सहित कई देशों में कोरोना के बढ़ते मामलों के मद्देनजर एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के अलावा स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, गृह सचिव अजय कुमार भल्ला, नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमेश्वरन अय्यर सहित स्वास्थ्य व गृह मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस बीच यूपी, दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब और तमिलनाडु ने भी कोरोना पर समीक्षा बैठकें बुलाई। दूसरी तरफ संसद में आज केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया देश में कोरोना के हालात को लेकर बयान दिया।

चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, फ्रांस और अमरीका में कोविड के बढते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार हरकत में आ गई है। इस सिलसिले में केंद्र सरकार ने बुधवार को एक समीक्षा बैठक की थी। विश्व के कुछ देशों में पिछले दिनों कोविड-19 के बढ़ते मामलों के परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने इस बैठक से ठीक पहले संसद के दोनों सदनों में बयान भी दिया। उन्होंने कहा कि देश में स्थिति नियंत्रण में है और वैश्विक स्थिति पर सरकार नजर बनाए हुए हैं।

इस बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी चीन में कोविड-19 के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई है। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसू ने कहा कि चीन में जोखिम के आकलन के लिए उनके संगठन को स्थिति की गंभीरता, अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या और आईसीयू की जरूरतों पर विस्तृत जानकारी चाहिए। उन्होंने चीन से अनुरोध किया है कि वह संगठन को सभी आंकड़े उपलब्ध कराए।

### मास्क हुआ अनिवार्य, कोविड नियमों के साथ होगा गंगासागर मेला

**नई दिल्ली , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन और अमेरिका सहित विश्व के कई देशों में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर एक उच्च स्तरीय बैठक की। इसमें उन्होंने देश में कोविड-19 की ताजा स्थिति की समीक्षा की। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हुई इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया और नागरिक विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के अलावा स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, गृह सचिव अजय कुमार भल्ला, नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमेश्वरन अय्यर सहित स्वास्थ्य व गृह मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस बीच, सामने आया है कि मुंबई में स्थित मुंबा देवी मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से मास्क लगाकर आने के नियमों का पालन करने के लिए कहा है। झारखंड मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि पिछली बार भारत सरकार ने कोरोना को हल्के से लिया था मगर इस बार केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने इस पर गंभीरतापूर्वक पहल की है। हमने भी हमारे विभाग के साथ बैठक की है। दूसरे देश जिस तरह से कोरोना को झेल रहे हैं, उसको देखते हुए हम पूरी तरह से तैयार हैं। वहीं, केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जर्ज ने बताया कि राज्य में कोविड-19 स्थिति को लेकर सामान्य अलर्ट जारी किया गया है। फिलहाल चिंता की कोई बात नहीं है। हम जनता से सतर्क रहने की अपील करते हैं। हमने राज्य में 100ः टीकाकरण किया है।

## अंकिता हत्याकांडः आरोपियों ने नार्को टेस्ट से किया इंकार, अगली सुनवाई तीन को




**कोटद्वार :** अंकिता हत्याकांड के तीनों आरोपियों ने नार्को व पॉलीग्राफ टेस्ट करवाने से इंकार कर दिया है। आरोपियों ने न्यायालय में एक आपत्ति याचिका दाखिल करते हुए एसआईटी से नार्को टेस्ट करवाने का कारण पूछा है। जबकि, पूर्व में पुलकित आर्य व सौरभ भास्कर ने टेस्ट के लिए हामी भरी थी। लेकिन, अब यह दोनों आरोपी भी मुकर गए।

आरोपियों की ओर से नियुक्त अधिवक्ता अमित सजवाण की ओर से न्यालय में एक आपत्ति याचिका दाखिल की गई। जिसमें एसआईटी से नार्को टेस्ट करवाने का कारण पूछा गया है। तीनों आरोपी ने वीडियों कांफेंसी के दौरान नार्को व पॉलीग्राफ टेस्ट से इंकार किया। मामले की अगली सुनवाई की तिथी तीन जनवरी निर्धारित की गई है। वहीं, अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई से जांच करवाने को लेकर याचिकाकर्ता द्वारा जल्द ही सुप्रीम कोर्ट की शरण ली जाएगी। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच की मांग से जुड़ी याचिका को बीते बुधवार को निरस्त कर दिया था। अंकिता की मां सोनी देवी और पिता वीरेंद्र भंडारी ने बेटी को न्याय दिलाने व दोषियों को फांसी की सजा दिए जाने को लेकर याचिका में अपना प्रार्थना पत्र भी दिया था। उन्होंने प्रार्थना पत्र में कहा था कि एसआईटी मामले की जांच में लापरवाही कर रही है। इसलिए जांच सीबीआई से करवाई जाए। लेकिन बीते बुधवार को उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच की मांग से जुड़ी याचिका निरस्त कर दी थी। अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई से जांच करवाने को लेकर उत्तराखंड हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता आशुतोष नेगी नें बताया कि उत्तराखंड हाईकोर्ट के निर्णय के खिलाफ जल्द ही सुप्रीम कोर्ट की शरण लेते हुए इस मामले की जांच सीबीआई से करवाने को लेकर याचिका दायर की जाएगी।

## सख्त लॉकडाउन में ढील के बाद चीन में कोरोना विस्फोट

### शंघाई में जल्द सवा करोड़ लोग हो सकते हैं संक्रमित

**शंघाई, एजेंसी।** चीन की सरकार कोरोना संक्रमण से जुड़ी कड़वी सच्चाई पर पर्दा डालने की लाख कोशिश कर रही हो लेकिन बुरे हालात तमाम जगह से अपना विद्रुप चेहरा दिखा रहे हैं। सबसे बड़े शहर शंघाई के एक बड़े अस्पताल ने स्टाफ को सबसे बुरे दिनों के लिए तैयार रहने के लिए कहा है। ये सबसे बुरे दिन ज्यादा दूर नहीं हैं।

समाचार एजेंसी के मुताबिक, अस्पताल प्रशासन ने कहा है कि अगले सप्ताह के अंत तक ढाई करोड़ से ज्यादा आबादी वाले शहर के आधे लोग (125 करोड़) कोरोना वायरस से संक्रमित हो जाएंगे। राजधानी बीजिंग के बाद शंघाई के कोविड से बुरी तरह से प्रभावित होने की खबर सामने आई है। चीन में सड़कों पर हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद सरकार ने इसी महीने जीरो कोविड पालिसी में ढील दी थी। इसके बाद देश में कोरोना विस्फोट की स्थिति पैदा हो गई है।140 करोड़ आबादी वाले देश में कुछ हफ्तों में 80 करोड़ लोगों के संक्रमित होने की आशंका जताई जा रही है। मरने वालों की संख्या दस लाख के पार जाने की आशंका है। मौजूदा समय में मरीजों से अस्पताल भरे हुए हैं और अंत्येष्टि स्थलों पर शव लिए रिश्तेदारों की लंबी लाइनें हैं। हालात काबू करने में सरकारी तंत्र असहाय है। लेकिन सरकार सच्चाई पर पर्दा डालने से बाज नहीं आ रही है।



सरकारी आंकड़ों में चीन में बीते तीन दिनों में कोविड से किसी की मौत नहीं हुई है। सरकारी आंकड़ों में 2019 से अभी तक मरने वालों की संख्या महज 5,241 है। शंघाई के डेजी अस्पताल ने बुधवार को अपने आधिकारिक वीचौट अकाउंट में बताया कि शहर में इस समय 54 लाख से ज्यादा कोरोना संक्रमित हैं, महीने के अंत तक यह संख्या बढ़कर 125 करोड़ तक जा सकती है।

क्रिसमस, नववर्ष और चांद्रिक नववर्ष के आयोजनों में भीड़भाड़ से संक्रमितों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो सकती है।

डेजी अस्पताल शंघाई का बड़ा निजी अस्पताल है और उसमें 400 लोग कार्य करते हैं। अस्पताल के अकाउंट में लिखा था- हम मुश्किल लड़ाई में फंस गए हैं। उपनगरों समेत पूरा शंघाई संक्रमित हो सकता है। अस्पताल के कर्मचारी और उनके परिवार भी कोरोना से संक्रमित होंगे। हमारे पास कोई विकल्प नहीं है, कोरोना संक्रमण से हम बच नहीं सकते। गुरुवार दोपहर को यह पोस्ट वीचौट से हटा दी गई है। शंघाई में संक्रमण से बचाव के लिए इसी वर्ष लगातार दो महीने का लाकडाउन था जिसमें एक जून को ढील दी गई थी। गुरुवार को शंघाई के बड़े इलाके में सन्नाटा छाया हुआ था।

## कोरोना का नया वैरिएंट नहीं मचा पाएगा कहर

### शुभ योगों में हो रही नए साल की शुरुआतः गुरमीत बेदी

**ऊना ,एजेंसी।** कोरोना का नया वैरिएंट ओमिक्रोन बीएफ7 भारत में कहर नहीं मचा पाएगा, इसलिए भयभीत होने की जरूरत नहीं है। साल 2023 की शुरुआत अनेक शुभ योगों से हो रही है और ग्रह गोचर की स्थितियां यह दर्शा रही हैं कि साल की शुरुआत भी संपन्नता, उन्नति व खुशहाली के संकेत के साथ हो रही है और स्वास्थ्य मोर्चे से लेकर कई मोर्चों पर देश तेजी से आगे बढ़ेगा।

वेदिक एस्ट्रोलजर और एस्ट्रोलजी एक विज्ञान रिसर्च पुस्तक के लेखक गुरमीत बेदी के अनुसार साल 2023 के पहले दिन की शुरुआत अश्विनी नक्षत्र में कन्या लग्न और मेष राशि में हो रही है। इस दिन प्रातरू शिवयोग, फिर सिद्ध योग तथा तदुप्रांत स्वार्थ सिद्धि योग रहेगा।

साल 2023 की शुरुआत में मकर राशि में शनि, बुध और शुक्र की युति से त्रिग्रही योग रहेगा। यह भी संयोग ही है कि 27 नक्षत्रों में अश्विनी नक्षत्र पहला नक्षत्र है और साल का पहला दिन रविवार है जिसके स्वामी स्वयं सूर्यदेव हैं जो ऊर्जा के प्रतीक हैं। ग्रहों और नक्षत्रों की ऐसी स्थिति यह बता रही है कि किसी बड़ी महामारी का खतरा भारत में नहीं मंडरा पाएगा । गुरमीत बेदी के अनुसार नए साल की खास बात यह भी रहेगी कि 22 मार्च 2023 से शुरू होने वाले नए विक्रमी संवत् 2080 का आरंभ बुधवार को होने की वजह से आकाशीय मंत्रिमंडल के राजा बुध रहेंगे जबकि भोग विलास व सुख संपत्ति के कारक शुक्र ग्रह मंत्री की भूमिका में होंगे। बुध के राजा होने की वजह से धार्मिक कार्य में लोगों की रुचि बढ़ेगी और स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता भी बढ़ेगी। लेकिन पिंगल नामक संवत्सर होने से महंगाई और बेरोजगारी का मुद्दा जनता को उद्वेलित किए रखेगा। देश के किसी वरिष्ठ राजनेता के स्वास्थ्य में अचानक गिरावट आ सकती है। 22 अप्रैल 2023 से 15 मई 2023 तक चतुग्रही योग बनने और 10 मई से 30 जून तक मंगल व शनि के बीच षडाष्टक योग बनने से विश्व के कुछ देशों में आपसी टकराव बढ़ेगा जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होगी।

देव गुरु बृहस्पति के अपनी स्वराशि में होने और लगन पर उनकी दृष्टि पडने के कारण दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

## शांतिपूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने में प्रत्याशियों व मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण

**पौड़ी** : स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. थानसिंह रावत राजकीय महाविद्यालय नैनीडांडा सभागार में बैठक में प्रत्याशियों को लिंगदोह समिति की सिफारिशों के अनुसार प्रचार व आचरण के नियमों की जानकारी दी गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा. हरीशचंद्र जोशी ने प्रत्याशियों एवं छात्रों से शांतिपूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लिंगदो समिति की सिफारिशों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। राजस्व निरीक्षक राजेंद्र बिष्ट ने शांतिपूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने में सभी प्रत्याशियों व मतदाताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा. हरीशचंद्र जोशी ने सभी प्रत्याशियों को लिंगदोह समिति की सिफारिशों के अनुसार प्रचार व आचरण के नियमों की जानकारी दी गई। प्राचार्य डा. बीपी उनियाल ने प्रत्याशियों से अनुशासन बनाए रखने, नियमों का पालन करने को कहा। थाना प्रभारी धुमाकोट दीपक तिवारी ने विभिन्न अनुशासनात्मक नियमों, कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। बैठक में महाविद्यालय निर्वाचन समिति के सदस्य प्रो. प्रमोद कुमार, डा. संगीता, डा. नरेंद्र थाना, युद्धवीर सिंह, पुष्कर सिंह आदि शामिल थे।

# छात्रसंघ चुनावः संगठनों ने किया शक्ति प्रदर्शन, निकाला जुलूस

### ढोल-नगाड़ों के साथ अभाविप व एनएसयूआई ने निकाला शहर में जुलूस, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 24 दिसंबर को होंगे मतदान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** छात्रसंघ चुनाव में जीत के लिए छात्र संगठनों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद व नेशनल स्टूडेंट यूनियन आफ इंडिया ने ढोल-नगाड़ों के साथ शहर में जुलूस निकालते हुए शक्ति प्रर्शन किया। इसके उपरांत महाविद्यालय में पहुंचकर प्रत्याशियों ने एक दूसरे पर जमकर निशाना साधा। प्रत्याशियों ने छात्रों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।

गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थि परिषद ने मालगौदाम रोड स्थित लोकनिर्माण विभाग गेस्ट हाउस से जूलूस निकाला। ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते हुए छात्र अपने प्रत्याशियों के साथ जुलूस के रूप में महाविद्यालय में पहुंचे। अभाविप के जुलूस में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी भी चल रहे थे। वहीं, नेशनल स्टूडेंट यूनियन आफ इंडिया ने मालवीय उद्यान से अपने प्रत्याशियों के साथ जूलूस निकाला। सैकड़ों की संख्या में मौजूद छात्र अपने प्रत्याशी के पक्ष में नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। इसके उपरांत दोनों संगठनों के पदाधिकारी अपने समर्थकों के साथ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पहुंचे और एक दूसरे पर निशानेबाजी की। छात्र संगठनों ने एक दूसरे पर छात्र हितों की अनदेखी का आरोप लगाया।



कोटद्वार में शक्ति प्रदर्शन कर जुलूस निकालते एनएसयूआई के प्रत्याशी।



कोटद्वार में शक्ति प्रदर्शन कर जुलूस निकालते अभाविप प्रत्याशी

### एक-दूसरे पर लगाया आरोप

जुलूस के बाद महाविद्यालय में छात्र संगठनों की ओर से सभाओं का भी आयोजन किया गया। जिसमें पदाधिकारियों ने अपने विपक्षियों पर छात्रों की अनदेखी का आरोप लगाया। प्रत्याशी व उनके समर्थकों ने छात्रों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान प्रत्याशी विद्यार्थियों से तरह-तरह के वादें करते हुए भी नजर आए।

### बाहरी लोग ने भी महाविद्यालय में किया प्रवेश

छात्र संगठनों का जुलूस जब राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय में पहुंचा तो कई बाहरी लोग भी जुलूस के साथ महाविद्यालय परिसर में पहुंच गए। छात्र संगठनों के बीच किसी तरह का विवाद न हो इस्-कि लिए महाविद्यालय में पुलिस भी तैनात की गई थी। वहीं, जुलूस के साथ भी पूरा पुलिस बल साथ में चल रहा था। हालांकि विवाद जैसे कोई स्थिति नहीं दिखाई दी।

### भाजपा नेताओं भी हुई शामिल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जुलूस में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी शामिल हुए। नेताओं ने महाविद्यालय के छात्रों से अभाविप के पदाधिकारियों को मतदान करने की अपील की। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत व भारतीय युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सौरभ नौड़ियाल मालगौदाम रोड से महाविद्यालय तक जुलूस के साथ चलते हुए नजर आए।

# शौचालय निर्माण के लिए पर्याप्त धन देने की मांग

### पार्षदों नवनियुक्त नगर आयुक्त वैभव गुप्ता को बताई समस्याएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** पार्षदों ने नवनियुक्त नगर आयुक्त वैभव गुप्ता से मुलाकात करते हुए स्वच्छ भारत मिशन के लाभार्थियों को शौचालय निर्माण के लिए पर्याप्त धनराशि देने की मांग उठाई। कहा कि धनराशि के अभाव में लाभार्थियों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

गुरुवार को पार्षदों ने नवनियुक्त नगर आयुक्त वैभव गुप्ता से मुलाकात की। पार्षदों ने सुखपाल शाह ने कहा कि वर्ष 2020-21 में स्वच्छ भारत मिशन के तहत गरीब परिवारों ने शौचालय की प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन किए थे। लेकन, नगर निगम ने उन गरीब परिवारों को अब तक 12000 रुपये की धनराशि नहीं दी जिन्होंने अपने परिचितों से पैसे उधार लेकर शौचालयों का निर्माण करवाया दिया है। जबकि, 15 अक्टूबर 2022 को बोर्ड बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव भी पास हो चुका है। वहीं, पार्षदों ने लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की पर्याप्त किस्त नहीं मिलने पर भी रोष व्यक्त किया। कहा कि एक ओर केंद्र सरकार गरीब के हित में तरह-तरह की योजनाएं चला रही है वहीं, नगर निगम जनता के हितों को लेकर लापरवाह बना हुआ है। मुलाकात के दौरान नगर आयुक्त ने पार्षदों को समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। इस मौके पर पार्षद परशुराम, अनिल नेगी, परमिंदर रावत आदि मौजूद रहे।



समस्या के संबंध में नगर आयुक्त को ज्ञापन देते पार्षद

### प्रो. गैरोला बने अध्यक्ष तो डॉ. उनियाल बनें सचिव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : बीजीआर परिसर पौड़ी के भौतिक विज्ञान विभाग में भौतिक परिषद का गठन किया गया। विभाग के प्रमुख प्रो. एससी गैरोला अध्यक्ष, डा. मनीष उनियाल सचिव, प्रो. पियूष सिन्हा उपाध्यक्ष व डा. सुनील कुमार को सह सचिव चुना गया।

गुरुवार को भौतिक परिषद का गठन किया गया। इसमें भौतिक विभाग में एक साल तक होने वाली गतिविधियों के संबंध में जानकारी उपलब्ध होगी। डा. मनीष उनियाल ने सभी भौतिक विज्ञान के एमएससी व बीएससी के छात्र-छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में विकास और प्रगतिशील कार्य करने के लिए प्रेरित किया। भौतिक परिषद में चार समितियों का भी गठन किया गया। जिसमें योजना एवं कार्यरुप समिति, निरीक्षण समिति, निष्कर्ष समिति, कार्ययोजना समय पर लागू करना समिति का गठन किया गया। इस दौरान सभी एमएससी, बीएससी भौतिकी के छात्र-छात्राओं को परिषद का सदस्य बनाया गया है। समितियां बनाने में एमएससी भौतिकी के छात्र शिवानी, मुफाजिल, आकांशा, सायन, ज्योति, प्रिया, अनिरुध, साकेत, अनुष्का आदि ने भूमिका निभाई।

# निर्वाण दिवस पर बलदेव सिंह आर्य को किया याद



दुगड्डा में बलदेव सिंह आर्य की प्रतिमा देकर नगर पालिकाध्यक्ष भावना चौहान का आभार व्यक्त करते संगठन के सदस्य।

**कोटद्वारः** शैलशिल्पी विकास संगठन की ओर से गढ़वाल के पूर्व सांसद स्व.बलदेव सिंह आर्य का निर्वाण दिवस मनाया गया। इस दौरान सदस्यों ने समाज सेवा के लिए बलदेव सिंह आर्य के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कहा कि समाज के क्षेत्र में दिए गए आर्य के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

गुरुवार को दुगड्डा स्थित बलदेव सिंह आर्य पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दुगड्डा नगर पालिकाध्यक्ष भावना चौहान व संगठन के अध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने बलदेव सिंह आर्य की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि बलदेवी सिंह आर्य ने अपनी जीवन में कभी कोई दल नहीं बनया। वह सभी वर्गों के व्यक्तियों को साथ लेकर चलते थे। गढ़वाल के विकास में उनका अहम योगदान रहा है। उन्होंने अनुसूचित जाति के अधिकारों के लिए भी लंबा संघर्ष किया। समाज के बेहतर विकास में दिए गए आर्य के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। सदस्यों ने पार्क का सौंदर्यीकरण करने पर पालिकाध्यक्ष को आर्य की प्रतिमा भेंट कर आभर व्यक्त किया। उन्होंने पालिकाध्यक्ष से बलदेव सिंह आर्य के नाम पर मुख्य द्वार भी बनवाने की मांग उठाई। इस मौके पर हुकुम सिंह, मनवर सिंह आर्य, सूरवीर खेतवाल, अनूप कुमार आदि मौजूद रहे।

### लाइसेंसी बंदूक से खुद पर मारी गोली

रिखणीखाल क्षेत्र के अंतर्गत मछमोली निवासी एक व्यक्ति ने अपनी लाइसेंसी बंदक से स्वयं पर ही गोली मार दी। व्यक्ति अपने गांव के मकान में अकेले ही रहता था। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने रिखणीखाल पुलिस को दी। पुलिस ने बताया कि पूर्व सैनिक मनवर सिंह अपने घर के कमरे में मृत पड़े हुए थे और बगल में उनकी बंदूक पड़ी हुई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टक के लिए कोटद्वार भेजा। पुलिस ने बताया कि मनवर सिंह के बेटे कोटद्वार रहते हैं। जिन्हें घटना की सूचना दे दी गई है।

### भाजपा ने शक्ति केंद्रों पर बनाए संयोजक

**श्रीनगर गढ़वाल** : गुरुवार को श्रीनगर मंडल के अंतर्गत मन की बात के प्रभारी गणेश भट्ट ने भाजपा मंडल कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठक आहुत की। बैठक में उन्होंने पांच शक्ति केंद्रों पर मन की बात के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रभारी नियुक्त किए। जिसमें भक्तियाना से सुरेंद्र सिंह नेगी, हिमांशु बहुगुणा, दिनेश रूडोला, हरि सिंह बिष्ट डांग से दिनेश पटवाल, विनय घिल्डियाल, राकेश डोभाल, सुरेंद्र सिंह रावत, पंकज सती बाजार क्षेत्र के दोनों शक्ति केंद्र से दिनेश असवाल, शंकर मणि मिश्रा, जगदीप रावत, जितेंद्र धिरवाण, झाबर सिंह रावत, कुशलानाथ और श्रीकोट से कैलाश कपरवाण, राजेंद्र बिष्ट, विभोर बहुगुणा और सुनीता गैरोला को प्रभारी बनाया गया है। भट्ट ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सुशासन दिवस भी मनाया जाएगा। बैठक में जिला महामंत्री गिरीश पैन्यूली, जितेंद्र रावत, जय बल्लभ पंत, शंकर मणि मिश्रा, अनूप बहुगुणा, दिनेश रूडोला, जितेंद्र धिरवाण, हरि सिंह बिष्ट, जयंती कुंवर, नगमा तौफीक आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### उत्तराखण्ड के लोगों को विरासत में मिली ईमानदारी

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि की स्वर्ण जयंती कार्यक्रमों की श्रृंखला में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. डीएस नेगी की ओर से बिड़ला परिसर में मोटिवेशनल व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर उत्तरायणी के पूर्व अध्यक्ष सीएम बहुगुणा ने कहा कि उत्तराखंड के लोगों में ईमानदारी कूट-कूट के भरी है, हमें यह विरासत अपने पूर्वजों से मिली है। कहा यदि हम अपने भविष्य के प्रति ईमानदार रहेंगे तो कामयाबी जरूर हासिल होगी।

सीनेट सभागार में उत्तराखंड लोकसेवा आयोग के पूर्व सदस्य केएल आर्य ने छात्रों को करियर काउंसलिंग के साथ-साथ स्टार्टअप के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को माइक्रो बिजनेस से शुरुआत करनी चाहिए। इस मौके पर उत्तरायणी संस्था के अध्यक्ष व पूर्व बीएसएफ के डीआईजी केएन सुयाल ने कहा कि हमारा मकसद सीखना, सीखाना और उसे वापस करना है। उन्होंने छात्रों को सफलता के लिए ईमानदारी से प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राजेश कंडवाल ने इंश्योरेंस तथा खतरा प्रबंधन पर महत्वपूर्ण ब्याख्यान दिया। कार्यक्रम में डॉ.अरुण शेखर बहुगुणा, डॉ. राकेश नेगी, डॉ. वाईएस नेगी, डॉ. नीमा भेंतवाल, शोध छात्र सुनील सिंह, राजेंद्र आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# श्री निवास रामानुज के योगदान को किया याद

### पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में आयोजित की गई कार्यशाला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** राष्ट्रीय गणित दिवस पर पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को गणित के क्षेत्र में महानगणितज्ञ श्री निवास रामानुज के योगदान के बारे में बताया। वहीं गणित विषय में सवोच्च अंक लाने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया गया।

गुरुवार को गणित दिवस पर विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों व शिक्षकों ने श्री निवासी रामानुज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने कहा कि गणित मानव के नैतिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता, तार्किक शक्ति, चिंतन व आत्मविश्वास को विकसित करती है। कहा कि श्री निवास रामानुज ने अपने 34 वर्ष के जीवन काल में गणित के क्षेत्र में नई-नई खोज की। कार्यशाला के दौरान परिक्षाओं में गणित में सवोच्च अंक पाने वाले 12 विद्यार्थियों को प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया गया।




पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित होने वाले विद्यार्थी

### नई शिक्षा नीति को लेकर की चर्चा

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर एसीएल सभागार में बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्रों के इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर नई शिक्षा नीति-2020 के तहत निर्धारित पाठ्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। विवि के एनईपी समीति के समन्वयक प्रो. अनूप डोबरियाल के निर्देशन में मौके पर छात्र-छात्राओं की कई समस्याओं का निवारण किया गया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि वह नई शिक्षा नीति के प्रथम संवाहक के रूप में कार्य करेगें और इस शिक्षा नीति का लाभ लेगें। लेकिन इसके लिए छात्र-छात्राओं को विशेष जागरूकता की जरूरत है। छात्र अधिष्ठाता कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी ने कहा कि छात्र-छात्राओं का प्रथम सेमस्टर में प्रवेश को तीन माह होने के बावजूद वह अभी भी विषय चयन को लेकर संदेह में हैं। जिन समस्याओं को देखते हुए स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए यह कार्यशाला आयोजित की गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अब छात्र-छात्राओं को परीक्षा फॉर्म भरते समय किसी तरह की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। समीति के सदस्य डॉ. प्रशान्त कण्डारी, डॉ. कपिल पंवार, डॉ. नागेन्द्र रावत, डॉ. आरूषी उनियाल, डॉ. अमित कुमार, डॉ. नितीश बौंठियाल, छात्रसंघ अध्यक्ष गोरव मोहन नेगी, महासचिव सम्राट सिंह राणा, पूर्व छात्रसंघ महासचिव देवकांत देवराड़ी, प्रदीप रावत आदि मौके पर मौजूद रहे। (एजेंसी)

# निगम में मैंबरों के रिश्तेदार कर रहे ठेकेदारी, होनी चाहिए जांच

### नागरिक मंच कोटद्वार ने जिलाधिकारी को भेजा ज्ञापन


**कोटद्वारः** नागरिक मंच ने नगर निगम की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े किए हैं। कहा कि निगम में मैंबरों के रिश्तेदार ठेकेदारी का कार्य कर रहे हैं। निगम में मशीनों की खरीद सहित अन्य कार्यों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

इस संबंध में सदस्य के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी व महासचिव अतुल भट्ट ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। उन्होंने बताया कि नगर निगम का वर्ष 2018 में गठन किया गया था। गठन के बाद ही नगर निगम सवालों के घेरे में है। क्षेत्रीय विकास के जिस उद्देश्य को लेकर इसका गठन किया गया, इसकी कार्यप्रणाली उसके विपरीत है। कोटद्वार में साफ-सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण, ट्रेचिंग ग्राउंड, पार्किंग व आवारा पशुओं के संरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। नगर निगम पर भ्रष्टाचार व राजनीति का बोलबाला हावी है। ट्रेचिंग ग्राउंड के कूड़ा निस्तारण के लिए कितनी मशीनें खरीदी गई। इसका क्या उपयोग हुआ इसके बारे में किसी के पास कोई जानकारी नहीं है। संक्रमण से बचने के लिए फागिंग मशीन भी नगर निगम में धूल फांक रही है। यहीं नहीं यहां पार्षदों की जंग भी चर्चाओं में रहती है। मैंबरों के रिश्तेदार ठेकेदारी कर रहे हैं। नगर निगम कार्यालय को रात में खोलकर अभिलेखों की हेराफेरी करने से लेकर कामों का फर्जी भुगतान आए दिन चर्चाओं में रहा है। कहा कि नगर निगम के कार्यों व मशीनों की खरीद की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

# बैडमिंटन में साक्षी-हिमांशी की जोड़ी बनी विजेता

**पौड़ी** : नेहरू युवा केंद्र, पौड़ी, (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय) द्वारा खेल मैदान पाबौ में दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत पुरूष वर्ग वॉलीबाल, कबड्डी, लम्बीकूद एवं महिला वर्ग में बैडमिंटन एवं दौड़ का आयोजन किया गया। महिला वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिया में साक्षी-हिमांशी की जोड़ी विजेता एवं कुमकुम-खुशबु की जोड़ी उपविजेता रही। 200 मी. दौड में गंगा ग्राम सिमखेत प्रथम, खुशबु ग्राम चोपड़ा द्वितीय एवं कुमकुम ग्राम कोटा तृतीय स्थान पर रही।

इस मौके पर नमामि गंगे के परियोजना अधिकारी अजय कुमार ने कहा कि भारत सरकार द्वारा युवाओं के सर्वांगीण विकास के अंतर्गत जिले के 8 विकासखंडों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, ताकि युवा अध्ययन के साथ-साथ खेलों में प्रतिभाग कर अपना भविष्य सुनिश्चित कर सके। पुरुष वर्ग की वालीबाल प्रतियोगिता में युवा मंडल चोपड्यिों ने युवा मंडल जवाड़ी को 0-4 से परास्त कर विजय प्राप्त की। कबड्डी प्रतियोगिता में युवा मंडल पाबौ ने विष्णुनगर को 15 अंकों से परास्त किया। लम्बी कूद में आदित्य कठैत ग्राम कोटा प्रथम, रोहित भण्डारी ग्राम पाबौ द्वितीय, आशीष कुमार ग्राम सिमखेत तृतीय स्थान पर रहे। राजकीय इंटर कॉलेज पाबौ के व्यायाम शिक्षक राकेश कठैत, अमित बडर्थवाल एवं राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवी ज्योति आदि के सहयोग से खेल गतिविधियां सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में ग्राम सिमखेत, चोपड्यिों, पाबौ, जवाड़ी, सकन्याणा, कोटा, विष्णुनगर, पाली, छानी आदि गांवों के युवा मण्डलों ने प्रतिभाग किया। विजेता टीमों को टी-शर्ट, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरूस्कृत किया गया। इस अवसर पर आयुष चमोली, पुष्कर सिंह, रोहित कुमार, सार्थक, श्वेता आदि उपस्थित रहे।



खेल मैदान पाबौ में आयोजित लंबी कूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करता हुआ युवक।

# नशे की प्रवृति को रोकने के लिए पुलिस सख्त

## होटलों व दुकानों में छापेमारी से मचा हड़कंप




बागेश्वर : नाबालिगों में बढ़ रही नशे की प्रवृति को रोकने के लिए पुलिस सख्त हो गई है। बीयर बार, होटल, रेस्टोरेंट और दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। जिससे हड़कंप मच गया। इस दौरान पुलिस ने बढ़ते अपराधों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। नाबालिगों को तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थ नहीं बचने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुमार वर्मा ने कहा कि गत दिनों जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ संयुक्त गोष्ठी आयोजित की गई थी। जिसमें नशे के विरुद्ध अभियान चलाने का निर्णय लिया गया था।

कोतवाली क्षेत्र में सीओ शिवराज सिंह राणा ने के नेतृत्व में औचक निरीक्षण किया गया। होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट आदि स्थानों पर छापेमारी की गई। नाबालिगों को शराब नहीं पिलाने, काम पर नहीं रखने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे, फायर उपकरण, स्टाक रजिस्टर आदि चेक किए गए। बीयर बार के बाहर वाहनों को व्यवस्थित रूप से पार्क करने की हिदायत दी गई।

दौरान कर्मचारियों को उत्तराखंड पुलिस एप, बढ़ते अपराधों के बारे में जागरू किया गया। महिला सुरक्षा के लिए गौरा शक्ति एप की विशेषताएं बताई। स्वजनों से भी एप को डाउनलोन कराने को कहा गया। ताकि महिलाएं समय से शिकायत आदि कर सकेंगे। बाल अपराध, चाइल्ड हेल्प लाइन, बाल भिक्षा वृत्ति, साइबर क्राइम आदि की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। (एजेंसी)

## राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें

अल्मोड़ा : नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) की बैठक हुई। इसमें राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने का आह्वान किया गया।

बैठक में अल्मोड़ा नगर के केंद्रीय सरकार के विभागों, कार्यालयों, उपक्रमों, सशस्त्र बल और राष्ट्रीयकृत बैंकों के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नराकास के अध्यक्ष एवं संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्मीकान्त ने कहा कि हम सब का कर्त्तव्य हैं, कि राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें। संचालन सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी रेनू सनवाल ने राजभाषा वार्षिक कार्यक्रम 2022-23 राजभाषा अधिनियम 1963 की 3 (3) व राजभाषा नियम 11 की जानकारी दी। यहां नराकास के सदस्य सचिव ललित मोहन तिवारी, डॉ. प्रियंका खाती आदि मौजूद रहे।

# कपकोट में सैनिक गेस्ट हाउस के लिए जमीन आवंटित की जाए

बागेश्वर : जिला सैनिक कल्याण परिषद की बैठक में पूर्व सैनिकों ने अपनी समस्या प्रमुखता से उठाई। उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण कपकोट में चयनित स्थान पर सैनिक गेस्ट हाउस नहीं बन पा रहा है।

एसडीएम कार्यालय के बगल वाली जमीन आवंटित करने की मांग की। साथ ही पूर्व में चयनित स्थान को निरस्त करने की भी मांग की। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने कहा कि सैनिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि वे पूर्व सैनिकों के गैस्ट हाउस हेतु पुरानी चिह्नत भूमि को निरस्त करें। साथ ही उप जिलाधिकारी कार्यालय के बगल की भूमि का प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। पूर्व सैनिकों द्वारा सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय हेतु मंडलसेरा–आरे रोड पर ईसीएचएस हेतु चिह्नत भूमि के बगल पर सैनिक कल्याण कार्यालय हेतु भूमि आवंटित करने का अनुरोध भी किया, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी बागेश्वर को भूमि का निरीक्षण कर प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। सुबेदार खड़क सिंह ने जनपद में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर करने के अनुरोध के साथ ही एयर एम्बुलेंस संचालित करने का भी अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में चिकित्सा सुविधाओं को और बेहतर करने का कार्य किया जा रहा है, एयर एंबुलेंस हेतु शासन को पत्र भेजा जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, अपर जिलाधिकारी चंद्र सिंह इमलाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पेटिंग में करूणा तो क्विज में भगवती ने मारी बाजी

बागेश्वर : अटल आदर्श इंटर कॉलेज वज्यूला में राष्ट्रीय गणित दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर गणित के जनक कहे जाने वाले आर्यभट्ट व श्रीनिवास रामानुज को याद किया गया। उनकी उपलब्धि के बारे में बताया गया। इस दौरान पेटिंग व गणित क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुई। पेटिंग में करुणा तिवाड़ी प्रथम, दिव्या द्वितीय तथा कनिका चंदोला तृतीय, जबकि गणित क्विज में भगवती प्रथम, संजना द्वितीय तथा करुणा तृतीय स्थान पर रही। प्रधानाचार्य दीपक आर्या ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है।

# महिलाओं को घरेलू हिंसा के खिलाफ आगे आने के लिए प्रेरित किया

पिथौरागढ़ : मूनाकोट विकास खंड सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। पैरा लीगल वालियंटर (पीएलवी) बबीता मेहता ने महिला हिंसा, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि कानूनी अधिकार का प्रयोग करने से अपराध का शिकार होने से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा आज के समय में साइबर अपराध तेजी से पैर पसार रहा है। लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। जागरूकता ही साइबर अपराध से बचा सकती है। कहा कि साइबर अपराध होने पर हेल्प लाइन नबंर 1930 से सहायता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने किसी को भी अपने बैंक खाते और ओटीपी की जानकारी न देने की अपील की। कहा कि बैंक इस तरह की जानकारी नहीं मांगते हैं। पीएलवी मेहता ने महिलाओं को घरेलू हिंसा के खिलाफ भी आगे आने के लिए प्रेरित किया। महिलाओं के लिए सुरक्षा के लिए बने कानूनों की जानकारी दी। कहा कि उत्पीड़न किसी भी प्रकार का हो, महिलाओं को हमेशा अपने आत्मसम्मान की सुरक्षा के लिए सजग रहना होगा, मुकाबला करना होगा। उन्होंने मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं और अन्य लोगों को कानूनी जानकारी देने की अपील की। (एजेंसी)

## पेयजल संघर्ष समिति के अध्यक्ष बनें त्रिलोक

अल्मोड़ा : बासोट और उसके आसपास के गांवों में लंबे समय से पेयजल समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने बासोट में बैठकर बासोट-चनोली सरपटा पेयजल संघर्ष समिति का गठन किया है।

कहा यदि जल्द पेयजल समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। गुरुवार को बैठक में भवानी देवी पंपिंग पेयजल योजना के पुनर्गठन कार्य पर नाराजगी जताते हुए कहा कि बासोट और चनोली सरपटा ग्राम समूह में लंबे समय से पेयजल किल्लत बनी है। ग्रामीणों ने जल निगम से कोटसारी से सीधे पानी लिफ्ट कर बासोट, चनोली सरपटा, कैनला, बटुलिया आदि गांवों में पानी दिये जाने की मांग की है।

# 25 को प्रस्तावित कार्यक्रमों को सफल बनाने की रणनीति बनाई

अल्मोड़ा : पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष लीला बिष्ट, जिला प्रभारी आशीष गुप्ता, सह प्रभारी शिव सिंह बिष्ट की ओर से आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह जसवाल ने अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष लीला बिष्ट व जिला प्रभारी आशीष गुप्ता ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी के जन्म दिवस और प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम के अवसर पर 25 दिसंबर को बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। साथ ही कार्यकर्ताओं को संगठन की राति-नीतियों से अवगत कराते हुए संगठन को मजबूत करने पर भी जोर दिया। संचालन पूर्व नगर अध्यक्ष विनोद भार्गव ने किया। बैठक में वरिष्ठ नेता मोहन नेगी, गिरीश भगत, नगर महामंत्री ललित मेहरा, ताड़ीखेत मंडल अध्यक्ष आनंद बुधानी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष विमल भट्ट, पूर्व जिला महामंत्री दर्शन बिष्ट, पूर्व प्रदेश मंत्री भाजयुमो रोहित शर्मा, प्रमोद रावत नीरज तिवारी, हंसादत्त बवाड़ी, हर्षवर्धन पंत, कवित भंडारी, भुवन जोशी, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष रेखा आर्या, प्रकाश कुवार्बी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# बागेश्वर में 28 स्थानों पर जल रहे अलाव

बागेश्वर : आपदा सचिव रंजीत सिन्हा ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सभी निकायों में अलाव जलाने तथा जरूरतमंदों को कंबल वितरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा शीतलहर में कोई भी व्यक्ति बाहर न रहे, जरूरतमंदों को रैनबसेरों में रखने के निर्देश जिलाधिकारियों को दिये, साथ ही रैनबसेरों में पर्याप्त बिस्तर, हीटर आदि की व्यवस्था करने को कहा। वीसी में जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने बताया कि जनपद में 49 जगह अलाव जलाने हेतु चयनित किए हैं तथा 28 स्थानों पर अलाव जलाना शुरू कर दिया है। तहसील स्तर पर 150 कंबल रखें हैं, 31 जरूरतमंदों को कंबल बांट दिए हैं। उन्होंने बताया कि बर्फबारी वाले क्षेत्रों की सड़कों को खोलने हेतु 12 जेसीबी तैनात किए हैं। मार्च तक का खाद्यान्न व दवाई पहुंचा दी है। जिलाधिकारी ने बताया कि ठंड व बर्फवारी की संभावना को देखते हुए सभी ट्रेक रूटों पर ट्रेकिंग बंद कर दी गई है। नगर निकायों में तीन अस्थायी रैनवसेरे चिह्नत किए हैं तथा उनमें पर्याप्त बिस्तर व्यवस्था की गई है। उन्होंने उप जिलाधिकारी, पुलिस, तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में रात्रि गस्त कराने के निर्देश भी दिए। गश्त के दौरान जो भी गरीब असहाय रात्रि में बाहर मिलते हैं तो उन्हें रैनबसेरों में भेजने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, अपर जिलाधिकारी चंद्र सिंह इमलाल, उप जिलाधिकारी बागेश्वर हरगिरी, कपकोट, कांडा मोनिका, गरुड़ राजकुमार पांडे, पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एनएस टोलिया, सीओ एसएस राणा, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका सतीश कुमार, संजय गड़िया, सड़क महकमों के अधिकारी मौजूद थे। (एजेंसी)

## छात्र संघ के मनोज निर्विरोध अध्यक्ष बनें

अल्मोड़ा : स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित मदन मोहन उपाध्याय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष पद में मनोज कुमार, छात्रा उपाध्यक्ष प्रियंका रावत और विश्व विद्यालय प्रतिनिधि जगदीश चन्द्र का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। इसमें अध्यक्ष समेत तीन पदों में एक ही प्रत्याशी का नामांकन होने से इन पदों का निर्विरोध चुना जाना तय हो गया है,

# हत्यारोपी दोस्त को आजीवन कारावास



रुद्रपुर। 27 दिसंबर 2018 को सिडकुल की एक कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर तैनात रहे युवक की हत्या के मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 10 हजार का अर्थदंड लगाया है। हत्या करने वाला सुपरवाइजर का दोस्त है। जन्मदिन की पार्टी से लौटते वक्त हुए विवाद में उसने सुपरवाइजर की हत्या कर दी थी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण पटवा ने बताया कि ग्राम रतनपुरी जिला मुजफ्फरनगर निवासी सोनू सोम पुत्र वीर सिंह ने ट्रांजिट कैम्प थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि उसका भाई रोहित कुमार सिडकुल स्थित ललित इन्टरप्राइजेज इण्डोरेनस कम्पनी में सुपरवाइज़र था। वह अपने दोस्त सत्येन्द्र सिंह पुत्र रामपाल सिंह निवासी लम्बाखेड़ा थाना टांडा बादली जिला रामपुर के साथ ट्रांजिट कैम्प में रहता था। 27 दिसंबर 2018 की शाम दोनों ज्येष्ठा कॉलोनी में अपने दोस्त महेश के पुत्र की जन्मदिन की पार्टी में गए थे। वहां से लौटते समय दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर आक्रोशित सत्येन्द्र ने रोहित की निर्मम हत्या कर पत्थर से उसका सिर और चेहरा बुरी तरह से कुचल दिया। अगले ही दिन पुलिस ने सत्येन्द्र को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी ने उस समय भी वही कपड़े पहने हुए थे, जो हत्या करते समय पहने था। फॉरेंसिक जांच में उसके कपड़ों पर लगा खून मृतक के खून से मैच हो गया। साथ ही डीएनए भी मैच हो गया।

आरोपी के विरुद्ध ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश प्रेम सिंह खिमाल के न्यायालय में मुकदमा चला। इसमें ज़िला शासकीय अधिवक्ता नन्दन सिंह धामी ने 12 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया। गुरुवार को ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश प्रेम सिंह खिमाल ने सत्येन्द्र सिंह को हत्या का आरोपी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास और 10 हज़ार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

## एनएसएस छात्राओं को दिया प्रशिक्षण

अल्मोड़ा : स्थानीय पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्राओं को रानीखेत कोतवाली में गौरा शक्ति एप का प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक नासिर हुसैन और रेनू गौतम ने स्वयंसेवी छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बने गौरा शक्ति एप के बारे में भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस मौके पर छात्राओं से गौरा शक्ति एप डाउनलोड करवाकर उसके संचालन का प्रशिक्षण भी दिया गया। सुचेता संस्था की दीपा आर्या व सिस्टर लिट्टी रोज के सहयोग से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन प्रध्यापिका डॉ. सुमन फुलारा व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कमला ने किया। (एजेंसी)

# भाजपा के नवनियुक्त महामंत्री का किया भव्य स्वागत



अल्मोड़ा : भारतीय जनता पार्टी मंडल कमेटी सोमेश्वर ने नवनियुक्त भाजपा जिला महामंत्री और जिला मंत्री के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।

नवनियुक्त जिला भाजपा महामंत्री ललित दोसाद ने कहा कि भाजपा संगठन कार्यकर्ताओं को लेकर गांव के अन्तिम छोर तक केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य रहेगा। जिला मंत्री बंदना आर्या ने सभी लोगों को साथ लेकर चलने की बात कही। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष खड़क सिंह नेगी और संचालन महामंत्री चंदन बिष्ट ने किया। स्वागत समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह दो, प्रमोद कुमार, सुन्दर राणा, लीला बोरा, शिव सिंह नेगी, केवलानंद जोशी, रमेश पांडेय, उमेश मेहरा, राजेंद्र कैड़ा, लाल सिंह बजेठा, भूपाल मेहरा, दलीप रौतेला, हीरा भाकुनी, भरत भाकुनी, पवन जोशी, नारायण बोरा, ठाकुर सिंह और एकल विद्यालय की बहिनें मौजूद रहे। (एजेंसी)

# भाजपा पर लगाया श्रेय लेने की राजनीति करने का आरोप

रुद्रपुर। कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष ने सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए श्रेय लेने की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने सरकार की उदासीनता के चलते गदरपुर की जनता को निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी बाइपास का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

गुरुवार को कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष विजय भुड्डी ने पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि बाइपास मार्ग को खोलने को लेकर जिस प्रकार से सत्ता पक्ष में खींचतान हो रही है। उसका खामियाजा क्षेत्र की जनता, व्यापारियों और किसानों को भुगतना पड़ रहा है। कहा कि बाइपास मार्ग के बंद रहने से नगर के मुख्य बाजार में यातायात की व्यवस्था चरमरा गई है। गड्ढों के कारण वाहन असंतुलित होकर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। भाजपा सरकार कर्तव्य विमूढ़ होकर नगर में किसी बड़ी दुर्घटना के होने का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि मांग के बावजूद प्रेमनगर मोड़ से लेकर झगड़पुरी मोड़ तक गड्ढों को भरने के नाम पर मात्र औपचारिकता पूरी की जा रही है। प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की सीएम पुष्कर सिंह धामी की घोषणा गदरपुर में दम तोड़ती हुई दिखाई दे रही है। इस दौरान उन्होंने बाइपास मार्ग को अविलंब खोले जाने की मांग की।

## व्यापारी ने पुत्र के जन्मदिन पर बांटे कंबल

पिथौरागढ़ : नगर के व्यापारी गंगा सिंह मेहता ने अपने पुत्र गौरव सिंह मेहता के 25वें जन्म दिन के अवसर पर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। गुरुवार को मेहता तुगीली, गैरा, रिठायत, बसौरा, ग्वीर, घटीगाड़, पतेत, रछतिया, चिफलवा गांव पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने बढ़ती ठंड को देखते हुए 95 परिवारों को कंबल बांटे। मेहता ने कहा कि वे प्रतिवर्ष अपने बेटे का जन्मदिन जरूरतमंदों के साथ मनाते हैं। कंबल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने आभार जताते हुए कहा कि इससे उन्हें ठंड में राहत मिलेगी। अन्य लोगों ने भी मेहता की इस पहल की सराहना की है। संचालन कृष्ण गोपाल पंत ने किया।

## पूर्व सैनिक ने पीएम से लगाई गुहार

पिथौरागढ़ : पूर्व सैनिक सोबी चंद ने आपदा में ध्वस्त मकान के निर्माण के लिए पीएम व सीएम को पत्र भेजा है। कहा है कि वर्ष 2019 में आपदा में आकाशीय बिजली गिरने से उसका मकान क्षतिग्रस्त हो गया था। तब से वह खुले आसमान के नीचे रात काट रहा है। कहा है कि लंबे समय से की गई सहायता की मांग को अनदेखा किया जा रहा है। चंद ने कहा है कि जिले के अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण किया, लेकिन आर्थिक सहायता की संस्तुति नहीं की। उन्होंने कहा है कि वे पूर्व में भी पत्र भेज चुके हैं। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। कहा कि शीघ्र मकान निर्माण के लिए सहायता नहीं दी गई तो वे परिवार सहित उसी मकान में जीवन लीला समाप्त करने को बाध्य होंगे। (एजेंसी)

# रिशता दिखाने के बहाने युवती का सौदा करने की कोशिश का आरोप



रुद्रपुर। एक युवती को शादी के लिए रिशता दिखाने का झांसा देकर उसका सौदा करने की कोशिश समेत मारपीट करने के आरोप में न्यायालय के आदेश पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, हल्द्वानी निवासी महिला ने दी तहरीर में कहा है कि सितंबर 2022 में हल्द्वानी में ही रहने वाली आशा देवी पत्नी रामकुमार ने उसकी लड़की की शादी के लिए चमेली पत्नी मोर सिंह निवासी रम्पुरा रुद्रपुर के पास एक रिशता होने की बात कही। चमेली उसकी मुंहबोली बहन है। उसने बेटी को आशा देवी की बातों पर विश्वास करते हुए रुद्रपुर भेज दिया। आरोप है कि इसके बाद उसकी लड़की घर फटे हुए कपड़ों में पहुंची और उसके शरीर पर काफी चोटें थीं। लड़की ने बताया कि जब वह मौसी के यहां रम्पुरा पहुंची तो उसे एक काफी उम्रदराज व्यक्ति से मिलवाते हुए उससे शादी कराने की बात कही। आरोप था कि इनकार करने पर चमेली और मुंहबोली मौसी, सुनील व चमेली के भतीजे योगेश पुत्र रामकुमार ने एक कमरे में बंद करके मारपीट की। मुंहबोली मौसी किसी से फोन पर बात कर रही थी। वह कह रही थी कि उसने उसे पांच हजार रुपये दिए हैं और बकाया 35 हजार लेकर आओ और लड़की को ले जाओ। वह उस व्यक्ति से कह रही थी कि हमारा सौदा एक लाख रुपये में हुआ है। जब ये लोग उसकी बेटी को उस व्यक्ति के पास ले जा रहे थे तो किसी तरह बेटी वहां से जान बचाकर भागी और अपने घर पहुंची। उसने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए पुलिस से फरियाद की, लेकिन उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इस पर उसने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# तीन प्रत्याशियों ने नाम लिए वापस, एक का नामांकन निरस्त



रुद्रपुर। छात्रसंघ चुनाव में नाम वापसी के बाद मैदान में 16 प्रत्याशी विभिन्न पदों पर दावेदारी कर रहे हैं। तीन प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस लिए, जबकि एक दावेदार का नाम निरस्त कर दिया गया। चुनाव में 20 प्रत्याशियों ने दावेदारी की थी। कला संकाय प्रतिनिधि में कमल तिवारी एकमात्र दावेदार होने से उनका निर्विरोध चुना जाना तय है। कोषाध्यक्ष पद को छोड़कर सभी पदों पर आमने–सामने का मुकबाला है। अध्यक्ष पद पर प्रमोद गड़कोटी, अरविंद कुमार, उपाध्यक्ष दीपक सिंह चौहान, चांद अंसारी, छात्रा उपाध्यक्ष इशिका राणा, विमला जोशी, सचिव पारस अग्रवाल, निषिकेत भट्ट, संयुक्त सचिव रिया बिष्ट, मोहित पोखरिया, कोषाध्यक्ष पद पर पंकज गिहार, मेघना गुप्ता, अमित सिंह फत्र्याल, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि अमित चंद, पवन चौहान आमने–सामने हैं। नाम वापस लेने वाले दावेदारों में सचिव पद पर खुशुबू चौहान, संयुक्त सचिव पर राम सिंह, कला संकाय प्रतिनिधि पद पर संतोषी राणा शामिल हैं। कंचन जोशी का सांस्कृतिक सचिव पद के लिए नामांकन निरस्त कर दिया गया है। छात्राएं दो पदों पर छात्रों को चुनौती दे रही हैं। छात्रा उपाध्यक्ष में इशिका और विमला के बीच आमने–सामने की लड़ाई है।

# सेवारत सैनिक की मौत के बाद आश्रितों को मिले नौकरी

बागेश्वर : हिमालय पूर्व सैनिक समिति ने कहा कि एक देश एक कानून होना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं है। सेना में सेवारत सैनिक की मृत्यु के बाद उसके आश्रित को नौकरी नहीं मिलती है। कोरोनाकाल के दौरान प्राइवेट स्कूलों के शिक्षकों को वेतन और प्रोत्साहन राशि भी नहीं मिल सकी है। उन्होंने मांगों का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। गुरुवार को समिति ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कहा कि राज्य सरकार के अधीन शिक्षा विभाग में प्राइवेट शिक्षकों को कोविड-19 के समय कोई सहायता प्राप्त नहीं हुई। जबकि विभागों ने कर्मचारियों को सहायता राशि दी। मान्यता प्राप्त प्राइवेट संस्थानों में सेवा दे रहे शिक्षकों को वेतन भी नहीं मिला। वेतन मानकों के आधार पर तय नहीं है। अभिभावक और मैनेजमेंट मनमानी करते हैं। जिसकी जिम्मेदारी केंद्र और राज्य सरकार को लेनी होगी। सेना में सेवारत सैनिक की मृत्यु सेवकाल होने पर उसके परिवार के एक व्यक्ति को शैक्षिक आधार पर नौकरी दें। मृतक सैनिक की विधवा को सही जानकारी नहीं मिलने के कारण उन्हें पेंशन आदि में काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने मांगों का निराकरण करवाने की मांग की है। इस दौरान अध्यक्ष गोपाल दत्त जोशी, कोषाध्यक्ष जमन सिंह बिष्ट, नंदन सिंह कपकोटी, मोहन सिंह कपकोटी आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

# बाइक चोर गिरोह का खुलासा करने पर पुलिस टीम सम्मानित

रुद्रपुर। बीते दिनों बाइक चोर गिरोह का खुलासा करने वाले पुलिस टीम को नगर पंचायत अध्यक्ष समेत व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। इस दौरान पुलिस ने व्यापारियों से मुख्य बाजार में सड़क की पटरी पर अतिक्रमण नहीं करने की अपील की।

गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सरकार के नेतृत्व में व्यापार मंडल के पदाधिकारी थाने पहुंचे। व्यापारियों ने बीते दिनों चोरी की 18 बाइक के साथ वाहन चोर गिरोह का खुलासा करने वाली टीम का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। थानाध्यक्ष अनिल उपाध्याय ने व्यापारियों से मुख्य बाजार में फुटपाथ और नगर के मुख्य मार्गों की पटरी पर अतिक्रमण नहीं करने और अपनी दुकान का सामान नहीं लगाने की अपील की। उन्होंने त्योहारों पर नगर में लगने वाले जाम की समस्या से निपटने को पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष शुभेंदु राय, संजीव बाटला, भोला शर्मा, हिमांशु सरकार, दीपक चावला, सनी चावला समेत तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

## पुलिस को झूठी सूचना देना पड़ा भारी

पिथौरागढ़ : शराब के नशे में पुलिस को झूठी सूचना देना एक व्यक्ति को भारी पड़ा। मामले में पुलिस ने नगर के रई निवासी गणेश चंद के खिलाफ कार्रवाई की है। इधर शराब पीकर परिजनों के साथ मारपीट करने पर पुलिस ने सुवाकोट निवासी प्रेम राम के खिलाफ शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। मोहम्मद सानू उर्फ दानिश के शराब पीकर अराजकता फैलाने पर धारा 151 के तहत कार्रवाई की है।

# 2023 में पुलिस कांस्टेबल के एक हजार पदों पर भर्ती की जायेगी: सीएम

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को उत्तराखण्ड पुलिस मुख्यालय देहरादून में "उत्तराखण्ड पुलिस मंथन–चुनौतियाँ एवं समाधान" की थीम पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड पुलिस को स्मार्ट एवं सशक्त बनाने के लिए फिटनेस और परसेप्शन मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उत्तराखण्ड पुलिस के इस तीन दिवसीय मंथन में राज्य में कानून और व्यवस्था को और मजबूत बनाने एवं जन सरोकारों से जुड़े मामलों पर भी मंथन होगा। इससे आमजन के साथ पुलिस को बेहतर समन्वय बनाने में भी मदद मिलेगी, मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड को 2025



तक नशा मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है, इसमें पुलिस की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा पुलिस द्वारा समय–समय पर स्वच्छता अभियान भी चलाया जाए और लोगों को इसके प्रति जागरूक भी किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2023 में पुलिस कांस्टेबल के एक हजार पदों पर भर्ती की जायेगी। जिन 1521 पुलिस कांस्टेबलों के भर्ती प्रक्रिया गतिमान है, उनकी भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने तक 1521 पीआरडी जवानों द्वारा अस्थाई सेवा भी प्रदान की जायेगी। अल्मोड़ा एवं श्रीनगर महिला थाना में साइबर थाने की व्यवस्था भी की जायेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस के जवानों के लिए बनाये जाने वाले चरणबद्ध तरीके से प्रस्ताव बनाये जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए आधुनिक तकनीक पर अधिक ध्यान दिया जाए। साइबर क्राइम को रोकने के लिए और प्रयासों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कानून का पालन करने वालों के साथ मित्र पुलिस की तरह व्यवहार किया जाए। यदि कोई कानून व्यवस्थाओं को बिगाड़ने का प्रयास करते हैं, तो ऐसे लोगों पर सख्त कारवाई भी की जाए। उन्होंने कहा कि बाहरी लोगों के सत्यापन का अभियान लगातार चलाया जाए। भ्रष्टाचार करने वालों पर भी सख्त कारवाई की जाए। ट्रैफिक व्यवस्थाओं का बेहतर संचालन किया जाए। जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। नो पेंडेंसी के आधार पर कार्य किये जाएं। महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि लोगों के फोन कॉल रिसीव करें, यदि किसी बैठक में व्यस्त हैं, तो बाद में कॉल कर जानकारी लें। कोविड एप्रोप्रियेट बिहेवियर के लिए लोगों को जागरूक किया जाए।

## जखोली महाविद्यालय में धारा 144 लागू

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : राजकीय महाविद्यालय जखोली में सत्र 2022–23 हेतु 24 दिसंबर को होने वाले छात्र संघ चुनाव के दृष्टिगत महाविद्यालय जखोली परिसर में धारा–144 प्रभावी कर दी गई है। इसके साथ ही राजकीय महाविद्यालय जखोली एवं समीपवर्ती स्थानीय बाजार में भी धारा–144 प्रभावी रहेगी। उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए उप जिलाधिकारी जखोली परमानंद राम ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय जखोली में छात्र संघ चुनाव के दृष्टिगत चुनाव अवधि में धारा–144 प्रभावी कर दी गई है। सब डिविजन जखोली के अंतर्गत महाविद्यालय जखोली में 200 मीटर की परिधि तथा निकटवर्ती मोटर मार्ग, बाजार में 5 या 5 से अधिक व्यक्ति एक स्थान पर विधि एवं व्यवस्था भंग करने के मन्तव्य से एकत्रित नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार से हथियार, आग्नेयास्त्र, चाकू, गोला आदि न तो अपने पास रखेगा और न ही इनसे किसी भी व्यक्ति को आतंकित करने का प्रयास करेगा। धारा–144 के दौरान प्रतिबंधित क्षेत्र में बिना अनुमति के किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस नहीं निकाला जाएगा।

## खांडयूसैंण के पास ट्रक अनियंत्रित, हादसा टला

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : सर्दी बढ़ने से जिले की विभिन्न सड़कों पर पाला गिरने लगा है। सड़कों पर जमे पाले में वाहनों के फिसलने का खतरा भी बढ़ गया है। देवप्रयाग-पौड़ी मोटर मार्ग पर खांड्यूसैंण स्थित पेट्रोल पंप के समीप एक ट्रक पाले में स्लिप हो गया। गनीमत रही कि बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। ट्रक स्लिप होने से करीब 1 घंटे तक आवाजाही भी ठप रही। पर्वतीय क्षेत्र की सड़कों पर सर्दी के मौसम में पाला गिरने से वाहनों के संचालन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। रात में जमा पाला जमने के कारण सुबह के समय सड़कों पर शीशे जैसी चादर बिछ जाती है। इसके चलते वाहन फिसलने का खतरा बना रहता है। इसमें सबसे अधिक दोपहिया वाहन रपटते हैं। पाला गिरने वाले स्थानों में सबसे अधिक सुबह के समय दुर्घटनाएं होती हैं। गुरुवार को देवप्रयाग-पौड़ी मोटरमार्ग पर करीब सुबह 9 बजे एक ट्रक स्लिप होने के कारण सड़क के बीचो-बीच फंस गया। ट्रक के फंसने से सड़क में वाहनों की लंबी कतार लगने से करीब 1 घंटे तक जाम लग गया। इस दौरान लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि संबंधित विभाग द्वारा पालाग्रस्त क्षेत्रों में चूने का छिड़काव किया जा रहा है लेकिन वाहनों के स्लिप होने से वाहन चालकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जाम में फंसे कांग्रेसी नेता वीर प्रताप सिंह ने बताया कि प्रशासन की ओर से पालाग्रस्त क्षेत्र में चूने का छिड़काव समुचित मात्रा में नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते आवाजाही करने में वाहन चालकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बड़ी दुर्घटनाओं से बचने के लिए पाला ग्रस्त क्षेत्रों में प्रशासन से समुचित मात्रा में चूने का छिड़काव कराने की मांग की है।

# छात्रों ने सीखें कहानी वाचन के गुर

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : राठ महाविद्यालय पैठाणी में बीएड फेकल्टी द्वारा शिक्षा में कला एवं अभिनय विषय पर दो दिवसीय आर्ट क्राफ्ट एंड थिएटर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। आशीष नेगी ने वर्कशॉप में छात्रों को बेकार पड़ी वस्तुओं से शिक्षण सामग्री व उपयोगी वस्तु बनाना सिखाया गया।

साथ ही स्टोन पेटिंग सिखाई गई। जिसमें छात्रों ने पत्थरों को सुंदर बनाने के साथ-साथ उन पर सुंदर सुंदर विचार भी लिखे। छात्रों को कहानी सुनाने के साथ कहानी वाचन के गुर भी सिखाए गए।

शिक्षा में कला एवं अभिनय विषय पर मुख्य वक्ता आशीष नेगी ने छात्रों को शिक्षण में कला के महत्व एवं उपयोगिता के साथ साथ उसमें आर्थिकी के साधनों की जानकारी भी दी। छात्रों ने खूब चर्चा करने के साथ साथ बहुत से प्रश्न भी किए। वर्कशॉप में कला के महत्व व उपयोगिता के साथ-साथ उसमें आर्थिकी के साधनों की जानकारी भी दी गई। वर्कशॉप में छात्रों ने कविता पोस्टर बनाने भी सीखे और कविताओं पर चर्चा भी की। इसके साथ-साथ छात्रों ने थिएटर के बारे में भी जाना और थिएटर की बहुत सी एक्सरसाइज भी की। कार्यशाला के समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र नेगी ने भी छात्रों को अपने शिक्षण कार्य एवं विषय को सुगम, बेहतर व रोचक बनाने के लिए प्रेरित किया। वर्कशॉप में 130 छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर विभागाध्यक्ष प्रवेश मिश्रा, श्याम मोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुलिस कर्मी अनुशासन में रहकर कार्रवाई करें : एएसपी

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : अपर पुलिस अधीक्षक शेखर सुयाल ने पौड़ी कोवाली का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। एएसपी ने कहा कि पुलिस कर्मी अनुशासन में रहकर कार्रवाई करें। सबसे अहम बात फरियादी के साथ किसी तरह का दुर्व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए। थाने में लंबित पड़े केसों का निपटारा किया जाना चाहिए। थानें में साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। गुरूवार को एएसपी शेखर सुयाल ने कोतवाली पौड़ी का निरीक्षण करते हुए मालखाना का निरीक्षण व मालों की स्थिति, शस्त्रों का निरीक्षण एवं गुणवत्ता की जांच, अभिलेखों का रखरखाव, थाना भवन, थाना परिसर में खड़े वाहन, ऑनलाइन प्रार्थना पत्रों की जांच, थाना परिसर में साफ–सफाई का जायजा लिया। एएसपी ने पुलिस जवानों को अनुशासन में रहकर कार्रवाई करने, थाना अभिलेखों का रखरखाव, साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखने, लंबित मामलों व विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों को निर्धारित समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। एएसपी ने कहा कि थाने में आने वाले लोगों से अच्छा व्यवहार किया जाए।

## प्रो. माहेश्वरी हुए भोपाल ऑटोनामस कॉलेज के आकलन तथा प्रत्यायन के लिए मनोनीत

ऋषिकेश। उत्तराखंड के पूर्व निदेशक उच्च शिक्षा प्रो. एनपी माहेश्वरी को साधु वासवानी ऑटोनॉमस कॉलेज भोपाल के आकलन तथा प्रत्यायन के लिए मनोनीत किया गया है। माहेश्वरी को मिली जिम्मेदारी पर ऋषिकेश के शिक्षाविदों ने हर्ष जताया है। माहेश्वरी इससे पहले भी अमेरिकन कॉलेज मदुरई तमिलनाडु, एमडी पलेशा, कॉलेज ऑफ कॉमर्स धुले महाराष्ट्र एवं महाविद्यालय तुंगा, शिवकाशी कर्नाटक में कॉलेज के मूल्यांकन एवं समीक्षा का कार्य कर चुके हैं। प्रोफेसर माहेश्वरी ने बताया कि वे नैक समिति के सदस्य के रूप में साधु वारवानी ऑटोनॉमस कॉलेज भोपाल के बुनियादी ढांचे, शिक्षा के स्तर, महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही मूलभूत सुविधाओं, बेस्ट प्रैक्टिस जैसे सोलर पैनल, वनस्पति उद्यान, पॉलीहाउस, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वेस्ट मैनेजमेंट इत्यादि की समीक्षा कर मूल्यांकन की रिपोर्ट बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद को भेजेंगे।

# 2302 वन पंचायतों में से 1564 में बस्ता हस्तांरण की कार्यवाही पूरी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जनपद में कुल 2302 वन पंचायते हैं, जिनमें 1662 पर चुनाव पूर्ण हो गये हैं, जबकि 640 शेष वन पंचायतों में चुनाव प्रक्रिया चल रही है। वहीं 2302 वन पंचायतों में से 1564 वन पंचायतों का बस्ता हस्तांरण की कार्यवाही पूर्ण हो गई है। एनआईसी कक्ष में अपर जिलाधिकारी ईला गिरी की अध्यक्षता में वन पंचायत संबंधित बैठक आयोजित की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां चुनाव होना है वहां समय पर चुनाव की कार्यवाही पूर्ण कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें।




एनआईसी कक्ष में अपर जिलाधिकारी ईला गिरी वन पंचायत से संबंधित बैठक लेते हुए।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जो वन पंचायतें धरातल पर हैं और उनके अभिलेख नहीं मिल पा रहे हैं या अभिलेख हैं और वन पंचायतें नहीं हैं, ऐसे वन पंचायतों का उपजिलाधिकारी निरीक्षण कर उक्त वन पंचायतों में रेवन्यू की भूमि सम्मिलित है या नहीं उसकी रिपोर्ट 25 दिसम्बर तक प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जिन वन पंचायतों में बस्ता हस्तांतरण तथा चुनाव की प्रक्रिया शेष रह गई है वहां निर्धारित तिथि के अनुरूप कार्यवाही जल्द पूर्ण करें। कहा कि जिन वन पंचायतों का विलोपन होना है उसकी कार्यवाही भी पूर्ण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस अवसर पर डीएफओ मुकेश कुमार, उपजिलाधिकारी संदीप कुमार सहित वीसी के माध्यम से उपजिलाधिकारी कोटद्वार प्रमोद कुमार, पौड़ी आकाश जोशी, लैंसडौन स्म्रता परमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस ने खोया हुआ बैग बरामद कर लौटाया

रुद्रप्रयाग : पुलिस ने एक व्यक्ति के खोए हुए जरूरी सामान के बैग को सीसीटीवी फुटेज एवं आपसी तालमेल से ढूंढते हुए संबंधित व्यक्ति को लौटा दिया है। उक्त व्यक्ति ने बैग मिलने पर पुलिस का आभार जताया है।

बीते 16 दिसम्बर को अगस्त्यमुनि निवासी आशुतोष नेगी ने कोतवाली रुद्रप्रयाग में अपने जरूरी सामान के खोए हुए बैग की शिकायत दर्ज कराई थी। बैग में उनके निजी एवं काफी महत्त्वपूर्ण दस्तावेज थे, जिनके खो जाने से उनको काफी समस्या उत्पन्न हो रही थी। आशुतोष ने बताया कि भूलवश रुद्रप्रयाग में आर्मी बैंण्ड के आस-पास कहीं पर उनका बैग छूट गया था। कोतवाली रुद्रप्रयाग पुलिस ने स्थानीय दुकानदारों के सीसीटीवी फुटेज इनकी उपस्थिति में खंगाले, लगभग इनके जैसे बैग को कैरी किए हुए एक व्यक्ति का राह चलते हुए पाया गया। इसकी पुष्टि के लिए पुलिस कार्यालय स्थित पुलिस कन्ट्रोल रूम के कैमरों को चैक करने पर पाया कि लगभग इसी तरह का बैग लेकर एक व्यक्ति जा रहा है। सीसीटीवी कैमरे में दिखने वाले व्यक्ति की शक्ल नेपाली जैसी दिख रही थी। पुलिस कन्ट्रोल रूम में तैनात सहायक उप निरीक्षक सागर कटारिया ने आर्मी बैण्ड सहित नजदीकी क्षेत्रों में काम करने व रहने वाले नेपालियों से वार्ता कर उन्हें आगाह किया कि यदि किसी को भी बैग मिला हो तो वह उक्त बैग वापस लौटा दे। उनकी यह ट्रिक काम आई। गुरुवार को नेपालियों ने उक्त बैग पुलिस कन्ट्रोल रूम में नियुक्त सहायक उपनिरीक्षक सागर कटारिया के माध्यम से आशुतोष नेगी के सुपुद किया। उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया है। (एजेंसी)

## विधायक ने मेधावी छात्रों को बांटे पुरस्कार

नई टिहरी : स्वामी विवेकानंद एकेडमी चंबा का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव में छात्रों ने विभिन्न सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। चंबा कस्बे स्थित गढ़वाल मंडल विकास निगम के हॉल में स्वामी विवेकानंद एकेडमी के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि विद्यालय कम संसाधनों के बावजूद छात्रों को बेहत्तर शिक्षा प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि वह पूरी कोशिश करेंगे की विद्यालय की मद्द की जा सके। विधायक ने कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार भी बांटे। मौके पर चंबा पालिकाध्यक्ष सुमना रमोला, विद्यालय प्रबंधक बालकृष्ण नौटियाल, जगदंबा बैलवाल, प्रधानाचार्य आशा सिल्सवाल, विरेन्द्र बेलवाल, अमरेश रणाकोटी, प्रमोद रणावत आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

## छात्रों नेताओं ने रैली निकालकर किया शक्ति प्रदर्शन

चमोली : 24 दिसंबर को होने वाले छात्र संघ चुनावों के लिए गुरुवार को महाविद्यालय परिसर में आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न पदों पर चुनाव लड़ रहे छात्र नेताओं ने महाविद्यालय की विभिन्न समस्याएं उठाईं और उनके निराकरण का आश्वासन दिया। आम सभा के बाद छात्र नेताओं ने अपने समर्थकों के साथ महाविद्यालय परिसर से बाजार तक रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। चुनाव प्रभारी डा. आरसी भट्ट ने बताया कि चुनावों को शांति पूर्वक संपन्न करने के लिए तमाम व्यवस्थाएं की जा रही है। (एजेंसी)

# बेहतर समन्वय के साथ मिलकर कार्य करें

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का जीवन स्तर बेहतर बनाने को लेकर स्टार्टअप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरूवार को मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा चिन्हित विकासखंड जोशीमठ में उद्यमिता विकास के लिए सभी विभागों को आवश्यक सहयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यशाला में एसईवीपी गाइडलाइन तथा डीपीआर का विमोचन भी किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्टार्टअप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका के तहत शुरू किया गया है और एनआरएलएम की ही एक उप योजना है। इसका उदेश्य गांव में शुरू उद्यमों को आगे ले जाना है।

उन्होंने सभी संबधित विभागों को निर्देशित किया कि ग्रामीण उद्यमिता कार्यक्रम में बेहतर समन्वय के साथ मिलकर कार्य करें। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्रामीण उद्यमों में तैयार उत्पादों की गुणवत्ता के साथ ब्रान्डिंग, पैकेजिंग करते हुए उत्पादों को ई-मार्केट से जोड़ा जाए। ताकि उद्यमिता विकास के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आजीविका सुदृढ हो सके। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के प्रबंधक चंद्रजीत सिंह ने कहा कि स्टार्टअम ग्रामीण उद्यमिता कार्यक्रम ग्रामीण विकास मन्त्रालय की गैर-कृषि आधारित उद्यम प्रोत्साहन की उपयोजना है। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा चिन्हित ब्लाक जोशीमठ में अगले 4 वर्षों तक इस योजना का क्रियान्वयन भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद द्वारा किया जाएगा। इन 4 वर्षों में जोशीमठ ब्लॉक में 1421 नैनों उद्यमों की स्थापना की जाएगी। जिसके लिए ब्लॉक रिर्सोस सेन्टर का गठन कर लिया गया है।

# गुणवत्ता से होगी आजीविका में वृद्धि : सीडीओ

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने गुरुवार को विकास खंड ऊखीमठ की ग्राम पंचायत हुड्डू में अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अमृत सरोवर को पर्यटन से जोड़ने के लिए संपर्क मार्ग स्थापित करने, बुग्याल सरंक्षण हेतु आवश्यक कार्यवाही, तालाब के चारों ओर संपर्क मार्ग निर्माण एवं सरोवर के चारों ओर तारबाड़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों को गुणवत्ता के साथ बेहतर ढंग से तैयार करने को कहा, ताकि उनकी आजीविका में और अधिक वृद्धि हो सके।

मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान आस्ट्रेलियन भेड़ प्रजनन केंद्र चलयाखोद मक्कू का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित विभाग के कार्मिकों को रख रखाव के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास के अंतर्गत निर्माणाधीन होम-स्टे का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न एसएचजी समूहों द्वारा होने वाले निर्माणाधीन होम-स्टे को समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय मक्कू का निरीक्षण करते हुए कार्यालय में अभिलेखों का सत्यापन, मध्याहन भोजन में बेहतर गुणवत्ता तथा ग्राम पंचायत मक्कू में मनरेगा से निर्मित स्वयं सहायता कक्ष का निरीक्षण किया।

## रायवाला में विश्व बैंक पोषित पेयजल योजना का विरोध

ऋषिकेश। ग्रामीण क्षेत्रों में विश्व बैंक पोषित पेयजल योजना का विरोध शुरू हो गया है। विभाग की ओर से लोगों को बिना रीडिंग के ही हजारों के बिल भेज दिए है। कई लोगों के नल बंद होने के बावजूद भी बड़ी राशि के बिल आए हैं। इससे लोगों में आक्रोश है। गुरुवार को जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने जल संस्थान कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया। कुछ लोगों ने हनुमान चौक स्थित ओवरहेड टैंक पर चढ़ने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें नीचे उतार दिया।

## 25 को होगा मकर व्यूह का मंचन

रुद्रप्रयाग : विकासखंड मुख्यालय की ग्राम पंचायत कपणियां में 25 दिसंबर को पांडव लीला आयोजन समिति द्वारा भव्य मकर व्यूह का मंचन किया जायेगा। मकर व्यूह मंचन समिति के सदस्य धनपाल नेगी व सुरजन सिंह राणा ने बताया कि 25 दिसंबर को मकर व्यूह मंचन में गांव के नवयुवक कलाकारों द्वारा गढ़वाली भाषा में महाभारत कालीन विधा पर आधारित मकर व्यूह मंचन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसी दिन मोरु नारायण कोथिग व पैंया पाती डाल भी न्यूता जायेगा व 26 दिसम्बर को गैण्डा वध व डाल टूटने के साथ ही पाण्डवलीला का समापन हो जायेगा। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में ग्राम पंचायत कपणियां की पाण्डव नृत्य स्थली में पहुंचने का आग्रह किया है। (एजेंसी)

# दुध्याडी देवी की डोली यात्रा में उमड़ा में श्रद्धालुओं का सैलाब

नई टिहरी : भिलंगना के गोनगढ़ पट्टी की आराध्य दुध्याड़ी देवी की डोली यात्रा में श्रद्धालुओं का भारी जन सैलाब उमड़ा। सैकड़ों लोगों के हुजूम के साथ देवी की डोली ने लाटा से चमियाला के लिए प्रस्थान किया।

गोनगढ़ पट्टी की आराध्य दुध्याड़ी देवी की यात्रा में गुरुवार को भारी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान छात्रों ने बैंड बाजे की धुन बजाकर देवी के जयकारें लगाये। श्रद्धालुओं ने देवी के दर्शन कर देवी की डोली को पिठाई भेंट कर आशीर्वाद लिया। मेला समिति के अध्यक्ष पूरब सिंह पंवार ने बताया कि 12 वर्ष बाद अपने निवास स्थान से बाहर निकली दुध्याड़ी देवी का सात से



15 दिसंबर तक पौनाड़ा में भव्य मेला आयोजित हुआ। 16 दिसंबर से डोली का क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम शुरू हुआ था, जिसके तहत डोली आरगढ़, गोनगढ़, बासर, बूढ़ाकेदार और केमर पट्टी के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। बताया मकर संक्रांति पर देवी की डोली उत्तरकाशी के बाड़ाहाट में पवित्र स्नान के साथ आगामी 12 वर्षों के लिए अपने निवास स्थान पौनाड़ा में विराजमान होगी। यात्रा के दौरान क्षेत्र के लोगों ने देव डोली से सुख समृद्धि और यश कुशलता का आशीर्वाद भी लिया। (एजेंसी)

# मोटे अनाजों की फसलें होंगी एक मील का पत्थर साबित

नई टिहरी : अंतरराष्ट्रीय पोषक पोषक अनाज वर्ष 2023 को व्यापक स्तर पर मनाने के लिए वीर चंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड औद्यानिकी एवं विवि के वानिकी महाविद्यालय रानीचौरी ने कार्ययोजना बनाई है। महाविद्यालय अखिल भारतीय समन्वित मोटा अनाज शोध परियोजना के तहत बीते गई वर्षों से उत्तराखंड में मोटे अनाजों के उत्पादन एव उत्पादन क्षेत्र को बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है। इस बाबत शोध परियोजना की प्रभारी प्राध्यापक डा. लक्ष्मी रावत ने बताया कि शोध परियोजना के तहत किसानों को न केवल उन्नत किस्म मंडुवा, झंगोरा, कौनी व चीणा के बीच दिये जाते हैं, साथ ही उनमें लगने वाले रोगों एवं कीटों से सुरक्षा के लिए कई प्रकार की जानकारियां प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदान की जाती है। इन फसलों को आज अंतरराष्ट्रीय और व राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने लगी है। वर्ष 2023 को भारत की अगुआई में दुनियाभर में अंतराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष बड़े पैमाने पर मनाया जायेगा। जिसके लिए रानीचौरी महाविद्यालय में बड़ी तैयारी की योजना बनाई है। इसके लिए अभी से अंतरराष्ट्रीय वर्ष मिल्लेटस-2023 को व्यापक रूप से मनाने के लिए मोटा अनाज शोध परियोजना के तहत अभी गतिविधियां शुरू कर दी गई हैं। जिसके तहत प्रत्येक माह मोटे अनाज से सम्बंधत जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। यह सिलसिला दिसंबर 2023 तक निरंतर चलाया जायेगा। डा. रावत ने इस बात पर जोर दिया गया कि क्यूंकि जनसंख्या में अनियंत्रित वृद्धि, शहरीकरण के कारण कृषि योग्य भूमि कि कमी होती जा रही है। भविष्य के लिए ऐसी फसलों का चुनाव करें कि प्रतिकूल परिस्थितियों में उगाई जा सके और न केवल मानव जीवनयापन अपितु पशुधन के लिए भी उपयोगी सिद्ध हो। प्रकृति के साथ अनुकूलता एवं बाजार में इन फसलों की बढ़ती मांग पर्वतीय किसानों के आर्थिक स्वालम्बन की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। (एजेंसी)

## पाले से सड़कों पर सफर जोखिम भरा

चमोली : सर्द मौसम के चलते कई मुख्य मार्ग सहित ग्रामीण सड़कें पाले से सफेद बनी है। हालात यह है कि सड़कों पर वाहनों के अलावा पैदल आवागमन भी जोखिम भरा साबित हो रहा है। कर्णप्रयाग–नौटी मार्ग, बेनीताल मार्ग, कांडा-मैखुरा मार्ग, नैनीताल हाईवे सहित कई ग्रामीण सड़कों के हिस्से पाले से रपटीले साबित हो रहे हैं।

## एबीवीपी अध्यक्ष पद उम्मीदवार ने लिया मुख्यमंत्री का आशीर्वाद

ऋषिकेश। श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के कैंपस ऋषिकेश में छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी के अध्यक्ष पद उम्मीदवार ऋतिक पाठक ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान सीएम ने भी छात्र–छात्राओं से ऋतिक के पक्ष में मतदान की अपील की।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गुरुवार को श्रीभरत मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में पहुंचे। इसी बीच उनसे मिलने के लिए एबीवीपी कार्यकर्ता छात्रसंघ चुनाव को लेकर अध्यक्ष पद उम्मीदवार ऋतिक पाठक के साथ मिलने पहुंच गए।

# चार माह में गैस सिलेंडर न भरवाने पर निःशुल्क कोटा होगा समाप्त

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को वित्तीय वर्ष 2022-23 में तीन गैस सिलेंडर निःशुल्क दिए जाने की योजना जारी है। दिसंबर से मार्च के मध्य तीसरा निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल किया जाना है। यदि निर्धारित अवधि (4 माह) में उपभोक्ता द्वारा गैस सिलेंडर रिफिल नहीं भरवाता है तो एक निःशुल्क कोटा स्वतः ही समाप्त हो जाएगा।

जिला पूर्ति अधिकारी केके अग्रवाल ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को वित्तीय वर्ष 2022-23 में अप्रैल से जुलाई 2022 के मध्य पहला, अगस्त से नवंबर के मध्य दूसरा गैस रिफिल उपलब्ध कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि दिसंबर से मार्च के मध्य तीसरा निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल उपलब्ध कराया जाना है। अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को योजना का लाभ लेने के लिए पहले गैस का पूरा मूल्य गैस एजेंसी में जमा कर नियमानुसार सिलेंडर लेना होगा। जिसके बाद गैस की धनराशि सीधे उपभोक्ता के खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी। अगर उपभोक्ता चार माह में गैस सिलेंडर रिफिल नहीं भरवाता है तो चार माह में एक निःशुल्क कोटा स्वतः समाप्त (लैप्स) हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन अंत्योदय राशन कार्ड धारकों के नाम गैस कनेक्शन है लेकिन उनका नाम एलपीजी आईडी मैपिंग सूची में सम्मिलित नहीं होने के कारण समस्या हो रही है तो वह संबंधित गैस एजेंसी, पूर्ति निरीक्षक अथवा जिला पूर्ति कार्यालय में अपना राशन कार्ड, आधार कार्ड, गैस की पास बुक, बैंक एकाउंट, मोबाइल नंबर जमा कर मैपिंग कर योजना का लाभ ले सकते हैं।

## वरिष्ठ आईपीएस संदीप गोयल को गृह मंत्रालय ने किया सस्पेंड

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** दिल्ली के पूर्व जेल प्रमुख आईपीएस संदीप गोयल को गृह मंत्रालय ने सस्पेंड कर दिया है। उन्हें दिल्ली पुलिस मुख्यालय में रिपोर्ट करने को कहा गया है। बता दें कि संदीप गोयल का एक महीने पहले जेल डीजी पद से ट्रांसफर कर दिया गया था। गृह मंत्रालय की तरफ से उनके निलंबन का आदेश अचानक कल रात को जारी किया गया। गृह मंत्रालय की यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब सुकेश चंद्रशेखर ने पिछले महीने सनसनीखेज दावा किया था कि उसने गोयल को मंडोली जेल में उसकी सुरक्षा के लिए 125 करोड़ रुपये संरक्षण धन के रूप में दिए थे। उसका दावा था कि उसने कुल 10 करोड़ रुपये सत्येंद्र जैन को और 1250 करोड़ रुपये डीजी जेल संदीप गोयल को दिए थे। इससे पहले गृह मंत्रालय ने संदीप गोयल के खिलाफ मिल रही शिकायतों के बाद उन्हें तिहाड़ जेल से हटा दिया था।

## बच्चे की हत्या कर भाग रहे युवक की तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर मौत

**बरेली ,एजेंसी।** एक युवक ने चार साल के बच्चे की हत्या कर दी और बाद में भागने के प्रयास में वह तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गया, इससे उसकी भी मौत हो गई। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार मजदूर नईम बेग ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके दोस्त नरेश लाल ने उसके बेटे सुभान की हत्या कर दी और उसके भतीजे अमन को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

नईम ने बताया कि बिहार के किशनगंज निवासी नरेश उसके और उसके भाई फहीम के यहां कश्मीर में मजदूरी करता था। नरेश 19 दिसंबर को फहीम की शादी में शामिल होने बरेली आया था। बुधवार की दोपहर वह दोनों बच्चों को गन्ने के खेत की ओर ले गया। जब करीब दो घंटे तक बच्चे नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, तो वे बेहोशी की हालत में पड़े मिले। दोनों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां डक्टरों ने सुभान को मृत घोषित कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि अमन की हालत गंभीर है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राहुल भाटी ने कहा कि नरेश को एक तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी थी और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की जांच की जा रही है।

## कबड्डी कोच ने पार की बेशर्मी की हदें, शिष्य से किया गंदा काम

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** यहां एक एकेडमी में कबड्डी कोच पर कुकर्म का रेप लगा है। पीडिघ्त एक छात्र है और आरोपी कबड्डी कोच को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीडिघ्त नाबालिग है। पीडिघ्त के मुताबिक कोच ने कई बार उससे कुकर्म किया।

पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 377, 506 के तहत केस दर्ज किया है। लड़के के पिता के मुताबिक,उन्होंने अपने बेटे को कबड्डी सीखने के लिए अकादमी में भर्ती कराया था। कई दिनों से बच्चा गुमसुम रहने लगा। पुलिस को परिजनों ने बताया कि लड़के ने खाना-पीना भी कम कर दिया था। इस बीच, अचानक ही उसने एक दिन कबड्डी अकाडमी जाने से इनकार कर दिया, जब उससे कारण पूछा गया तो पहले तो नहीं बोला, लेकिन, जब उससे प्यार से पूछा गया तो उसने कोच की पूरी करतूत बताई।

## मुठभेड़ में एक बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद ,एजेंसी।** गाजियाबाद की स्वाट टीम और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गोकशी के वांछित तस्कर के साथ बीती देर रात पुलिस की मुठभेड़ हुई है। गोली लगने घायन एक वांछित को गिरफ्तार कर लिया गया।

# चीन पर बढ़त के लिए सशक्तिकरण जरूरी, वायु सेना प्रमुख ने ड्रैगन की युद्ध क्षमता में बढ़ोतरी पर जताई चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने चीन द्वारा अपनी हवाई युद्ध क्षमता में लगातार वृद्धि किए जाने को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय वायुसेना की 'महत्वपूर्ण अभावों' जैसे लड़ाकू स्क्वाड्रन और फोर्स मल्टीप्लायर्स की कमी को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाना चाहिए ताकि बल अपनी युद्धक क्षमता की बढ़त को बनाए रखे। एक संगोष्ठी के दौरान भारतीय वायुसेना के प्रमुख ने कहा कि भारत के पड़ोसी देश अशांतध्आक्रामक और अनिश्चित बने हुए हैं और ऐसे में देश (भारत) को साझा विचार और मूल्यों वाले देशों के साथ साझेदारी करके अपनी समेकित शक्ति बढ़ानी चाहिए।

एयर चीफ मार्शल चौधरी की यह टिप्पणी भारत-चीन के बीच ताजा तनाव की पृष्ठभूमि में आयी है। गौरतलब है कि चीन की सेना पीएलए (पब्लिक लिबरेशन आर्मी) ने अरुणाचल प्रदेश से सटी सीमा पर यांग्त्से में यथास्थिति को बदलने का प्रयास किया, जिसके कारण नौ दिसंबर को सुदूर पूर्वोत्तर राज्य के तवांग सेक्टर में भारत-चीन के सैनिकों के बीच झड़प हो गयी थी। ऐसी खबरें हैं कि चीन बड़े पैमाने पर अपनी वायुसेना का आधुनिकीकरण कर रहा है और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के आसपास बने महत्वपूर्णध्बड़े एयरबेस पर वायुसेना की स्थिति को मजबूत बना रहा है।

'उभरती विश्व व्यवस्था में भारत की श्रेष्ठता' (इंडियाज एमिनेंस इन द इमरजिंग वर्ल्ड अर्डर) विषय पर '19वें सुब्रत मुखर्जी सेमीनार' में एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा, ''कई महत्वपूर्ण अभाव हैं जैसे लड़ाकू स्क्वाड्रन और फोर्स मल्टीप्लायर्स की कमी, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर भरा जाना चाहिए ताकि हम अपनी युद्धक क्षमता की श्रेष्ठता बनाए रख सकें।'' वायुसेना प्रमुख ने यह भी कहा कि पर्याप्त और विश्वसनीय 'हार्ड पावर' के बगैर कोई 'सफ्ट पावर' नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा, ''भारत तभी फूलेगा-फलेगा जब हमारी सीमाएं, हवाई क्षेत्र और तटवर्ती इलाके सुरक्षित होंगे।'' हिन्द-प्रशांत क्षेत्र सहित क्षेत्रीय सुरक्षा परिद्दष्य में लगातार



हो रहे बदलावों के संबंध में एयर चीफ मार्शल चौधरी का कहना है, ''बड़े पैमाने पर संघर्ष होने की स्थिति में वायुसेना से उसमें हिस्सा लेने और योगदान देने की अपेक्षा की जाएगी।

वायुसेना के पास क्षमता है कि युद्ध के दौरान वह हमलों से बचाव कर सकती है, सुरक्षा कर सकती है और आवश्यकता होने पर दंडित भी (हमला भी) कर सकती है।'' भारतीय वायुसेना में लड़ाकू स्क्वाड्रन की संख्या इसलिए कम हो रही है क्योंकि हाल के वर्षों में कई स्क्वाड्रन सेवानिवृत्त हो गए हैं और आने वाले वर्षों में जैगुआर सहित कई अन्य फ्लीट सेवानिवृत्त होने वाले हैं। वर्तमान में भारतीय वायुसेना के पास करीब 31 लड़ाकू स्क्वाड्रन हैं जबकि स्वीत क्षमता 42 लड़ाकू स्क्वाड्रन है। प्रत्येक स्क्वाड्रन में 18 लड़ाकू विमान होते हैं।

वायुसेना प्रमुख चौधरी ने अक्टूबर में यह माना था कि हाल-फिलहाल में वायुसेना के पास लड़ाकू स्क्वाड्रन की संख्या बढ़कर 42 होने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा, ''भारतीय वायुसेना को हवाई शक्ति के रूप में विकसित होने की जरूरत है और ऐसा करने के लिए भविष्य के युद्धों में लड़ने तथा उन्हें जीतने की क्षमता विकसित करने की जरूरत है।''

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि मल्टी डोमेन अपरेशंस (सेना के विभिन्न अंगों का एकसाथ युद्ध में शामिल होना) और हाईब्रिड युद्ध की स्थिति बनी रहेगी और ''इसलिए हमें समकालीन बने रहने के लिए तकनीकोंध्प्रौद्योगिकी के साथ-साथ आगे बढ़ने, उसका सर्वोत्तम उपयोग करने की जरूरत है।'' वायुसेना प्रमुख ने अपनी टिप्पणी में भारत के पड़ोसियों के ''आक्रामकध्अशांत और अनिश्चित'' बने रहने पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा, ''आक्रमकताध्अशांति के बीच हमें साझा विचार और मूल्य रखने वाले देशों के साथ साझेदारी करके अपनी समेकित शक्ति को बढ़ाना चाहिए। हमें स्थिर और शांत देश होने की अपनी छवि का अर्थव्यवस्था के साथ जोड़कर उपयोग करना चाहिए और परस्पर रूप से लाभकारी तथा रणनीतिक साझेदारी विकसित करनी चाहिए।''

उन्होंने कहा, ''यह आवश्यक है कि हम अपनी रणनीतिक स्वायतता बनाए रखें और मेरे विचार में ऐसा करने के लिए जन मियरशिमियर की संतुलन की रणनीति सबसे उपयुक्त होगी।'' प्रत्यक्ष रूप से चीन का नाम लिए बगैर वायुसेना प्रमुख ने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में अपने प्रभाव को बढ़ाने के देश के प्रयासों का जिक्र किया और कहा कि एक प्रतिष्ठित क्षेत्रीय शक्ति एक प्रतिष्ठित महाशक्ति को चुनौती दे रही है। इसे इस क्षेत्र में चीन और अमेरिका की होड़ के परोक्ष संदर्भ के तौर पर देखा जाता है।

## भगवान बुद्ध की मूर्ति पर चढ़ा दिया भगवा रंग, शिक्षकों ने जताई आपत्ति

**लखनऊ ,एजेंसी।** लखनऊ विश्वविद्यालय में कलेज अफ आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स के मुख्य द्वार पर स्थापित भगवान बुद्ध की मूर्ति को श्केसरिया रंग में रंगा देख शिक्षक और छात्र हैरान हो गए। उन्होंने इस पर नाराजगी भी जर्ताी। बाद में पता चला कि पेंटिंग का काम कर रहे एक मजदूर ने गलती से 60 साल पुरानी मूर्ति को भगवा रंग में रंग दिया। कलेज के प्राचार्य रतन कुमार ने कहा, एक मजदूर ने गलती से इसे भगवा रंग में रंग दिया। लेकिन जैसे ही मामला मेरे संज्ञान में आया, मैंने गलती को सुधार लिया और मूर्ति को सफेद रंग से रंग दिया गया। उन्होंने कहा कि हम मूर्ति को सुंदर बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

बुद्ध की इसे मूर्ति को प्रसिद्ध मूर्तिकार अवतार सिंह पंवार द्वारा 1950 के दशक के अंत में बनाई गई थी।

# सिंगापुर में तार, केबल चोरी करने के आरोप में भारतीय मूल के व्यक्ति को जेल

**सिंगापुर ,एजेंसी।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को दो बांग्लादेशी नागरिकों के साथ मिलकर इमारतों में घुसने और तांबे के तार और बिजली के तार चुराने की साजिश रचने के आरोप में 42 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। ओम शक्ति तिवारी ने मिया शोबस और जन शक मोहब्बत के साथ 2020 में खाली जूनियर कलेजों में सेंध लगाई, जहां से उन्होंने रीसाइक्लिंग दुकान पर बेचने के लिए तार और बिजली के केबल चुराए। अदालत को बताया गया कि जनवरी 2020 में तिवारी ने दोनों आरोपियों को अपनी वैन से रात में खाली पड़े जुरोंग जूनियर कलेज (जेजेसी) तक पहुंचाया। तिवारी गाड़ी पर इंतजार कर रहे थे, तब मिया और जन ताला तोड़कर कलेज में दाखिल हुए। कटर से तारों को काटने के बाद उन्हें बांध दिया और वैन में डालकर तिवारी उसे लेकर चला गया।तिवारी ने बाद में रीसाइक्लिंग की दुकानों पर तार बेच दिए और पैसे को तीन लोगों में बांट दिया। तिवारी ने एक रिसाइकलर को 994 किलो बिजली के केबल 3,976 सिंगापुर डलर में बेचे, और 773 किलो के केबल उसी दुकान को 3,976 सिंगापुर डलर में बेचे, जिसे तीनों ने अप्रैल 2020 में टैम्पाइन्स जूनियर कलेज से चुराया था।डकैती का पता तब चला जब एक तकनीशियन ने पावर ट्रिप की शिकायत मिलने पर 20 जनवरी, 2020 को जेजेसी में जांच की। उन्होंने पाया कि कलेज के मुख्य उपभोक्ता स्विच रूम से 20,000 सिंगापुर सिंगापुर डलर मूल्य के लगभग 1,000 मीटर तांबे के तार गायब थे। उसके बाद पुलिस जांच में जुट गई।जन की पहचान पुलिस ने डकैती स्थल पर एक बोतल पर छोड़ी गई लार के डीएनए विश्लेषण के माध्यम से की थी, मिया को कैमरे की फोटों के माध्यम से खोजा गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि चश्मदीदों ने तिवारी की गाड़ी को जहां चोरी हुई वहां देखा और पुलिस ने वहां से उसकी पहचान की।

## अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति जेलेंस्की का संबोधन, यूक्रेन अभी जिंदा है, रूस के साथ समझौता नहीं करेंगे

**कीव ,एजेंसी।** रूस के साथ चल रहे युद्ध के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमीर जेलेंस्की अमेरिका के दौरे पर हैंष। इस यात्रा के दौरान जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात की। राष्ट्रपति बाइडेन के साथ बैठक के बाद वह प्रेस कन्फ्रेंस में भी शामिल हुए। वहीं अब यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित कर रहे हैं। जब जेलेंस्की अमेरिकी संसद पहुंचे, तो तालियों की गडगड़ाहट के बीच उनका जबरदस्त स्वागत किया गया। यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद ये पहला मौका है, जब यूक्रेनी राष्ट्रपति देश से बाहर निकले हैं।

# दिल्ली के सरकारी स्कूलों में सर्दियों की छुट्टी, एक से 15 जनवरी तक स्कूल रहेंगे बंद




**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी के सरकारी स्कूलों में एक जनवरी से 15 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में स्कूलों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया कि इस अघ्वकाश के दौरान नौवीं से 12वीं के छात्रों को वार्षिक व बोर्ड परीक्षा की तैयारी कराने के लिए उपचारात्मक (रेमेडियल) कक्ष-एं भी लगाई जाएंगी।

ये कक्षाएं दो जनवरी से 14 जनवरी तक होंगी। इन कक्षाओं में छात्रों के विषय से संबंधित सिद्धांतों को स्पष्ट किया जाएगा। कक्षाएं दो पाली में आयोजित होंगी।

सुबह की पाली के छात्रों की कक्षा सुबह साढ़े आठ से दोपहर 12रू50 बजे तक होगी। वहीं, शाम की पाली के छात्रों की कक्षा दोपहर डेढ़ बजे से लेकर शाम 5रू50 बजे तक चलेगी। प्रतिदिन कुल चार विषयों की कक्षाएं लगेंगी। ये कक्षाएं एक-एक घंटे की होंगी।

नौवीं और 10वीं के छात्रों की नियमित अंग्रेजी, विज्ञान और गणित की कक्षा संचालित होगी। वहीं, 10वीं-12वीं के छात्रों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए प्री-बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्नपत्र से अभ्यास कराया जाएगा। इन कक्षाओं में छात्रों को अपनी स्कूल यूनिफार्म में ही आना होगा।

इन कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इसके अतिरिक्त उप शिक्षा निदेशकों को प्रतिदिन दो स्कूलों का निरीक्षण करके ये सुनिश्चित करना होगा कि स्कूलों में उपचारात्मक कक्षाएं लग रही हैं।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट से स्वामी चिन्मयानंद को अंतरिम अग्रिम जमानत

**प्रयागराज ,एजेंसी।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता स्वामी चिन्मयानंद को बलात्कार के एक मामले में अगली सुनवाई तक के लिए अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने मामले में सुनवाई की अगली तारीख 6 फरवरी, 2023 तय की है। चिन्मयानंद पर कलेज छात्रा से बलात्कार करने का आरोप लगाया गया है।

हाई कोर्ट ने पीडिघ्ता और उत्तर प्रदेश सरकार को इस मामले में चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।न्यायमूर्ति समित गोपाल ने चिन्मयानंद के वकील को सुनने के बाद आदेश सुनाया।

इस याचिका से पहले भी कोर्ट ने रिट कार्यवाही में याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। अतिरिक्त महाधिवक्ता एमसी. चतुर्वेदी और अतिरिक्त सरकारी अधिवक्ता एके. सांड ने राज्य सरकार की ओर से जमानत अर्जी का विरोध किया।चिन्मयानंद पर 2011 में अपने आश्रम में बंधक बनाकर एक कलेज छात्रा के साथ कथित रूप से बलात्कार करने का आरोप था।राज्य सरकार ने 9 मार्च, 2018 को एक आदेश जारी कर चिन्मयानंद के खिलाफ दर्ज कदाचार के मामले को वापस ले लिया था। लेकिन अदालत ने सरकार की कार्रवाई को अवैध करार दिया।

# चीन में तेजी से कोरोना संक्रमण की रफ्तार बढने से अस्पतालों का हाल बेहाल

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** सरकार द्वारा जीरो-कोविड नीति के तहत लकडाउन में ढील देने और बड़े पैमानेन पर टेस्टिंग में कमी के बाद चीन में तेजी से कोरोना संक्रमण की रफ्तार बढ़ गई है। चीन में अस्पताल वेंटिलेटर और अन्य आईसीयू उपकरण के लिए संघर्ष कर रहे हैं, एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। आरएफए ने बताया कि पिछले दो हफ्तों में चीन के इंटरनेट पर सार्वजनिक निविदा लिस्टिंग के एक सर्वेक्षण से पता चला है कि चीन के लगभग सभी शहरों और प्रांतों के अस्पताल अब वेंटिलेटर और अन्य उपकरणों के लिए बाजार में हैं, जिनका उपयोग कोविड-19 से गंभीर रूप से बीमार रोगियों के इलाज के लिए किया जाता है।

आरएफए ने बताया कि इस तरह के उपकरणों की मांग करने वाले अस्पताल बीजिंग और उत्तरी चीन में केंद्रित हैं, जहां हाल के दिनों में अंतिम संस्कार के लिए शवों की भीड़ लग गई है। एक पूर्व वरिष्ठ स्वास्थ्य पत्रकार, जिन्होंने प्रतिशोध के डर से गुमनाम रहने के लिए कहा, ने बताया कि अस्पताल वर्तमान में घबराहट में वेंटिलेटर और अन्य उपकरण खरीद रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लेकिन क्वारंटाइन सुविधाओं के निर्माण के लिए कोविड-रोधी निधियों के टप-डाउन आवंटन और बड़े पैमाने पर परीक्षण अनुबंधों को वित्तपोषित करने से स्थानीय सरकारें और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को कोविड-19 संक्रमणों की विशाल लहर से निपटने के लिए आवश्यक धन की कमी हो गई थी।

उन्होंने सुझाव दिया कि शून्य-कोविड नीति के कड़े प्रतिबंधों को हाल ही में छोडने के पीटे का कारण यह था कि स्थानीय सरकारों के पास पैसा खत्म हो गया था। पत्रकार ने कहा, अब उन्हें आपूर्ति खरीदने की जरूरत है, लेकिन सरकार उन्हें पैसा नहीं देगी, और निश्चित रूप से स्थानीय सरकारों के पास पैसा नहीं है, वह सभी खतरे में हैं।

दक्षिण-पश्चिमी शहर चोंगकिंग की एक अधिकारी ने पुष्टि की कि इस महीने की शुरूआत में लकडाउन हटाए जाने के बाद से वह वेंटिलेटर तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रही हैं। अधिकारी ने कहा, उन सभी ने अचानक 1 दिसंबर से फ्लैट ख्कुछ नहीं करने, का फैसला किया, और हम तुरंत चिकित्सा आपूर्ति की कमी में डूब गए। मेरे कार्यालय में काम करने वाले 17 लोगों में से 15 को कोविड-19 हो गया।

बड़े पैमाने पर लकडाउन विरोधी प्रदर्शनों के बाद चीन ने औपचारिक रूप से 7 दिसंबर को कोविड प्रतिबंधों में ढील देने का आदेश दिया। अधिकारी ने कहा कि वह कमी के बीच बुखार की दवाइयां खरीदने में असमर्थ थी, गंभीर रूप से बीमार लोगों के लिए वेंटिलेटर तो दूर की बात है।

## छात्रा का अश्लील वीडियो वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार, छात्रा ने दे दी थी जान

**गाजियाबाद ,एजेंसी।** गाजियाबाद के खोड़ा में ब्लैकमेलिंग से तंग आकर 12वीं की छात्रा के खुदकुशी करने के मामले में मुख्य आरोपी इरफान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इरफान पर आरोप है कि उसने पहले छात्रा से दोस्ती की, फिर अश्लील वीडियो बनाई और दोस्तों में बांट दी। इससे आहत छात्रा ने सोमवार को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। 18 वर्षीय छात्रा दिल्ली के कल्याणपुरी में 12वीं में पढ़ती थी। मां-बाप नोएडा की एक कंपनी में जब करते हैं। सोमवार को वे ड्यूटी पर गए थे। उनके पीटे छात्रा ने पंखे से फांसी पर लटककर जान दे दी। इस मामले में पड़ोस में रहने वाले इरफान के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने का केस दर्ज हुआ।

# मनी लॉन्ड्रिंग केस में रॉबर्ट वाड्रा और उनकी मां की मुसीबत बढ़ी, हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

**जोधपुर ,एजेंसी।** बीकानेर के कोलायत में जमीन खरीद फरोख्त और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में कोर्ट फैसला सुना दिया है। रबर्ट वाड्रा और उनकी मां मौरीन वाड्रा तथा बिचौलिए महेश नागर से जुड़ी याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने महेश नागर और अन्य की याचिका खारिज करने के आदेश दिए हैं। वहीं दो हफ्ते तक पहले का अंतरिम आदेश जारी रहेगा जिस दौरान परिवादी फिर से अपील भी कर सकते हैं। जानकारी के मुताबिक तब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकती है। जोधपुर हाईकोर्ट जस्टिस ड। पुष्पेंद्र सिंह भाटी की एकलपीठ ने फैसला सुनाया है।

दरअसल, ईडी ने स्काईलाइट हस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड और महेश नागर की 482 के प्रार्थना पत्र और इंफोर्समेंट डायरेक्टरी पेश की जिस पर बुधवार को कस्टोडियल परमिशन के प्रार्थना पत्र पर दोनों पक्षों की जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी की कोर्ट में सुनवाई हुई थी।

बता दें कि बीकानेर के कोलायत में जमीन खरीद-फरोख्त के मामले को लेकर रबर्ट वाड्रा और उनकी मां मौरीन वाड्रा पर चल रहे मामले में कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई की थी। बुधवार को कोर्ट में दोनों पक्षों को सुना गया था जिसके बाद कोर्ट ने अपना फैसला गुरुवार तक सुरक्षित रख लिया था। मालूम हो कि इस मामले में वाड्रा समेत सभी आरोपियों की गिरफ्तारी पर कोर्ट ने रोक लगा रखी थी।

गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय ने बीकानेर भूमि घोटाले में रबर्ट वाड्रा के खिलाफ एक मामला दर्ज कर रखा है जिसकी जांच बीकानेर के सीमावर्ती जिले के कोलायत क्षेत्र में कंपनी द्वारा 275 बीघा जमीन की खरीद से जुड़ी है।

वहीं केंद्रीय जांच एजेंसी ने 2016 में स्थानीय तहसीलदार द्वारा शिकायत दर्ज करवाने के बाद राज्य पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर को आधार बनाकर वाड्रा के खिलाफ मनी लन्ड्रिंग का एक आपराधिक मुकदमा दर्ज किया था।

बता दें कि वाड्रा का यह मामला करीब 5 सालों से राजस्थान हाईकोर्ट में चल रहा है जिस पर अभी तक 80 से अधिक बार सुनवाई हो चुकी है। इससे पहले कोर्ट की एकलपीठ के सामने स्काई लाइट हस्पिटैलिटी के अलावा महेश नागर ने प्रवर्तन निदेशालय की जांच को चुनौती दी थी। वहीं राबर्ट वाड्रा की ओर से राजस्थान हाईकोर्ट में याचिका पेश की गई थी जिस पर 19 दिसंबर, 2018 को गिरफ्तारी पर रोक लगाने के आदेश जारी हुए थे।

## पेंसिल की छीलन गले में फंसी, 6 साल की बच्ची की मौत

**हमीरपुर ,एजेंसी।** पेंसिल की कतरन गले में फंस जाने से छह वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। कक्षा 1 की छात्रा अर्तिका अपने भाई-बहनों के साथ पहाड़ी वीर गांव में अपने घर की छत पर पढ़ रही थी। वह कटर को मुंह में दबाकर पेंसिल छील रही थी। तभी कटर से पेंसिल की छीलन निकली और उसकी सांस की नली में फंस गई।

लड़की सांस नहीं ले पा रही थी और उसकी हालत बिगडने पर उसके भाई-बहनों ने अपने माता-पिता को सूचित किया, जो उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया और शव लेकर घर लौट गए।

# लोगों को नौकरी का झांसा देकर ठगने वाला फर्जी आर्मी कैप्टन गिरफ्तार

**लखनऊ ,एजेंसी।** यूपी स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने अंकित मिश्रा नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसने खुद को कैप्टन बनकर सेना में नौकरी दिलाने का झांसा देकर कई लोगों को ठगा था। उसे बीती देर रात पीजीआई चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ को मिलिटी इंटेलिजेंस (एमआई) से इसकी सूचना मिली थी।एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक दीपक कुमार सिंह ने कहा कि आरोपी की पहचान 40 वर्षीय अंकित मिश्रा के रूप में हुई है, जो सेना की वर्दी में सेना की कैंटीन के बाहर घूमता था।

डीसीपी ने आगे बताया, पोशाक में एक असली सेना अधिकारी जैसा दिखने वाला मिश्रा तीन साल से यह ठगी कर रहा है। वह नौकरी करने वालों से 10-10 लाख रुपये की मांग करता था। आर्मी कैंटीन में लिपिक के पद पर नियुक्ति दिलाने के लिए उसने हाल ही में संतकबीर नगर निवासी बलिराम से 5 लाख और एटा निवासी राहुल से 5 लाख रुपये लिए थे।फर्जी नियुक्ति पत्र लेने के लिए दोनों को कैंटीन के बाहर बुलाया गया था।उन्होंने कहा, दोनों को 6 लाख रुपये लाने के लिए कहा गया था, लेकिन वे पैसे की व्यवस्था नहीं कर सके। मिश्रा ने उन्हें फर्जी नियुक्ति पत्र की फोटोकपी दिखाई और उनसे कहा कि एक बार जब वे राशि का भुगतान कर देंगे, तो पत्र नके आवासीय पते पर भेज दिए जाएंगे। एसपी ने कहा कि मिश्रा की पत्नी राज्य पुलिस विभाग में काम करती हैं। आरोपी ने बताया कि उसने पिछले दो साल में 12 लोगों को ठगा है।

## सम्पादकीय

# एक और संक्रमण का काल

विश्व के कुछ देशों में कोरोना के बढ़ते मामलों के बाद भारत में सतर्क रहने की जरूरत दिखाई देने लगी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा इसके लिए एडवाइजरी भी जारी कर दी गई है और स्पष्ट किया गया है कि कुछ देशों में नया स्वरूप मिलने के बाद कुछ खास सतर्कता है एवं सावधानियां बरतनी अब जरूरी हो गई है। सभी जानते हैं कि चीन में हालात काफी बिगड़ चुके हैं और इसका कारण है बीएफ.7 वैरीअट जो काफी घातक माना जा रहा है। उन परिस्थितियों में भी जबकि कोरोना की दोनों खुराक भी ली जा चुकी हो। निश्चित तौर पर यह खबर और हालात चिंताजनक है क्योंकि काफी मुश्किलों के बाद कोरोना की स्थिति से लड़ने के बाद कुछ देशों ने खुद को संभालने का प्रयास किया है। भारत भी इनमें से एक है जिसने कोरोना की दूसरी लहर में काफी बुरा वक्त देखा। सामाजिक आर्थिक एवं मानवीय हानि उठानी पड़ी। फिलहाल राहत की बात यह है कि चीन के हालात को देखकर भारत में तत्काल सतर्कता शुरू कर दी गई है और कोरोना से बचने के लिए गाइडलाइन जारी कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शीत I तु के दौरान कोरोना का वायरस अधिक तेजी से खेलते हुए देखा गया है और गत परसों में भी इसके संक्रमण का काल नवंबर से लेकर फरवरी-मार्च तक देखा गया है।

फिलहाल भारत में स्थिति काफी नियंत्रित है, पिछले 24 घंटे में देश में 185 लोगों को संक्रमित पाया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी लोगों से कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर का पालन करते रहने की अपील की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार ने भी इस पर तत्काल एक्शन लिया है एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाकर समीक्षा की है। हालातों को देखकर क्या अभी मान लेना चाहिए कि हम एक और कोरोना लहर की ओर बढ़ रहे हैं या फिर पुनः लकडाउन वाली स्थिति देखने को मिलेगी? सबसे महत्वपूर्ण यह है कि सावधानियां अभी से शुरू की जाए एवं कोविड गाइडलाइंस को लेकर जो भी दिशा निर्देश जारी किए जाते हैं उन पर गंभीरता से अमल किया जाए। केंद्र एवं राज्य सरकार संक्रमण से बचने के लिए तमाम एहतियाती कदम उठाए। सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अब यहां आम व्यक्ति की है जो नियमित तौर पर अपने कामकाज के लिए निकलता है। निश्चित तौर पर अब एक बार फिर वह समय आ गया है जब सामुदायिक दूरी एवं मास्क का नियमित तौर पर प्रयोग शुरू किया जाए। राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है कि वह अभी से अपनी सभी तैयारियों को चाक-चौबंद रखें जिनमें सबसे महत्वपूर्ण है स्वास्थ्य सेवाएं। इसके अतिरिक्तवह स्थिति नहीं आनी चाहिए जो कि पूर्व के कोरोना काल में देखी गई थी जब लोगों के आगे रोजगार और खाने तक का संकट आ खड़ा हुआ था। जिम्मेदारियों का निर्वहन सरकार एवं जनता दोनों की तरफ से बराबर किया जाना है और यदि इस जंग में दोनों मिलकर अपनी भूमिका निभाते हैं तो निश्चित तौर पर कोरोना से बचाव मुमकिन है।

# कांग्रेस को आप से भी पार पाना होगा

**गुजरात में अपने शर्मनाक प्रदर्शन के लिए कांग्रेस केजरीवाल की आप और असदूद्दीन ओवैसी की एआईएमआ-ईएम द्वारा वोट काटे जाने को जिम्मेदार ठहराते हुए उन पर भाजपा की मदद का आरोप लगा रही है, पर यह अर्धसत्य ही है। एआईएमआईएम 13 सीटों पर लडने के बावजूद खाता नहीं खोल पाई। उसका मत प्रतिशत भी ऐसा नहीं रहा कि हार-जीत में निर्णायक भूमिका निभा सके। हां, आप अवश्य 13 प्रतिशत मत हासिल करते हुए पांच सीटें जीतने में सफल रही। स्वाभाविक ही आप और एआईएमआईएम को मिले मत भाजपा विरोधी मतों का हिस्सा रहे होंगे। यह भी कि अगर ये दोनों दल चुनाव मैदान में नहीं होते तो कांग्रेस की ऐसी दुर्गति नहीं होती, पर तब भी भाजपा सत्ता से बेदखल तो हरगिज नहीं हो जाती।**



**राज कुमार सिंह**

सत्ता तो थी ही नहीं, पर आम आदमी पार्टी ने एक और राज्य में कांग्रेस के पैरों तले से जमीन छीन ली।

बात गुजरात की हो रही है, जहां पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सत्तारूढ़ भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। पाटीदार आंदोलन के साये में हुए उन चुनावों में 182 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा 99 सीटों पर सिमट गई थी और कांग्रेस 77 सीटें जीतने में सफल रही थी। कई राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना था कि अगर कांग्रेस ने समय से चुनावी बिसात बिछाई होती तो शायद भाजपा को उसके महानायक नरेन्द्र मोदी के गृह राज्य में ही मात देने का करिश्मा कर पाती। पर अब हालिया विधानसभा चुनावों में भाजपा जिस तरह 27 साल बाद भी सत्ता बरकरार रखते हुए 156 सीटें जीतने का इतिहास रचने में सफल रही है, उससे तो कांग्रेस की राजनीतिक सोच और चुनावी समझ पर ही सवालिया निशान लग गया है।

मुफ्त-रेवडियों की राजनीति में माहिर आप को 2017 के गुजरात विधानसभा चुनाव में एक प्रतिशत मत भी नहीं मिले थे। उसके बावजूद वह वहां स्थानीय चुनावों समेत हर संभव मौके पर हाथ-पैर मारती रही, लेकिन भाजपा से मात्र 22 सीटें पीटे रह गई कांग्रेस पिछले पांच साल में जमीन पर कहीं नजर नहीं आई। कांग्रेस की राजनीतिक निष्क्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पिछले विधानसभा चुनावों में अल्पेश ठाकुर, हार्दिक पटेल और जिग्नेश मेवानी की जिस युवा तिकड़ी की बदौलत वह भाजपा को जबर्दस्त चुनौती देने में सफल रही थी, उसके पहले दो चेहरे इस चुनाव में भाजपा के पाले में खड़े नजर आए। हार्दिक पटेल को तो कांग्रेस ने प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाया था।

बेशक, आप किसी को बंधक बना कर नहीं रख सकते। राजनेता भी समय और सुविधा के अनुसार पाला बदलते ही हैं। आखिर, गोवा में शपथ पत्र भरने के बावजूद कांग्रेस के आठ विधायक चुनाव के कुछ महीने बाद पाला बदल ही गए। इसलिए असल सवाल समय और राजनीति की नब्ज पर कांग्रेस की पकड़ का है। हार्दिक तो चुनाव से कुछ पहले ही गए, पर अल्पेश तो बहुत पहले चले गए थे। न भी जाते तो पिछले चुनाव में बहुमत से मात्र 15 सीटें पीटे रह गए दल को अगले चुनाव के लिए जैसी मेहनत और तैयारी करनी चाहिए थी, वह करती कांग्रेस कभी नजर नहीं आई। गुजरात कांग्रेस में मची भगदड़ का यह भी एक बड़ा कारण रहा। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल को अपनी दशा-दिशा की चिंता न भी हो, पर उसके नेताओं-कार्यकर्ताओं को तो रहेगी ही। पिछले चुनाव परिणाम के मद्देनजर सामान्य राजनीतिक समझ के अनुसार भी कांग्रेस की प्राथमिकता में गुजरात सबसे ऊपर होना चाहिए था। इसलिए भी कि वह मोदी का गृह राज्य है, जहां के प्रतिकूल जनादेश का संदेश दूरगामी साबित होता, पर कांग्रेस की अगंभीरता का आलम यह रहा कि बहुप्रचारित भारत जोड़ो यात्रा तो वहां से गुजरी ही नहीं, खुद राहुल गांधी भी महज एक दिन का समय निकाल कर दो रैलियां करने गए। उसके विपरीत आप ने न सिर्फ स्थानीय सामाजिक समीकरणों को समझ कर बिसात बिछाई और कांग्रेस के आदिवासी मतों में सेंध लगाने में सफल रही, बल्कि अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसौदिया समेत उसके पास उपलब्ध तमाम दिग्गज वहां प्रचार करते भी नजर आए। संभव है कि आप मीडिया का ज्यादा आकषर्ण पा गई हो, पर जो जमीन पर दिखेगा, उसे ही दिखाया जाएगा। मीडिया कवरेज दे सकता, पर वोट नहीं दिलवा सकता-इस वास्तविकता से मुंह चुराना राजनीतिक परिपक्क्ता तो हरगिज नहीं।

गुजरात में अपने शर्मनाक प्रदर्शन के लिए कांग्रेस केजरीवाल की आप और असदूद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम द्वारा वोट काटे जाने को जिम्मेदार ठहराते हुए उन पर भाजपा की मदद का आरोप लगा रही है, पर यह अर्धसत्य ही है। एआईएमआईएम 13 सीटों पर लडने के बावजूद खाता नहीं खोल पाई। उसका मत प्रतिशत भी ऐसा नहीं रहा कि हार-जीत में निर्णायक भूमिका निभा सके। हां, आप अवश्य 13 प्रतिशत मत हासिल करते हुए पांच सीटें जीतने में सफल रही। स्वाभाविक ही आप और एआईएमआईएम को मिले मत भाजपा विरोधी मतों का हिस्सा रहे होंगे। यह भी कि अगर ये दोनों दल चुनाव मैदान में नहीं होते तो कांग्रेस की ऐसी दुर्गति नहीं होती, पर तब भी भाजपा सत्ता से बेदखल तो हरगिज नहीं हो जाती। भाजपा को हराने के लिए तो पहले कांग्रेस को कमर कसनी थी, जो उसने नहीं कसी-कारण जो भी रहे हों। कांग्रेस की यह सोच स्वयं में अलोकतांत्रिक है कि भाजपा विरोधी मतों में बंटबारा रोकने की खातिर अन्य दलों को चुनाव मैदान में नहीं उतरना चाहिए। अगर ऐसा है तो फिर कांग्रेस पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में चुनाव क्यों लड़ती है? महागठबंधन का अंग होते हुए भी बिहार में उसके हैसियत से ज्यादा सीटों पर विधानसभा चुनाव लडने का परिणाम क्या निकला था? यह भी कि हालिया दिल्ली नगर निगम चुनाव लड़ कर कांग्रेस ने अंततरू किसे फायदा पहुंचाया? जाहिर है, भारत में बहुदलीय लोकतंत्र है। सभी राजनीतिक दलों ही नहीं, निर्दलियों को भी चुनाव लडने का अधिकार है। नहीं भूलना चाहिए कि सत्ता विरोधी मतों में ऐसे ही बंटबारे की बदौलत भी कांग्रेस दशकों तक देश और प्रदेशों में सत्ता पर काबिज रही।

दरअसल, कांग्रेस दीवार पर लिखी इस स्पष्ट इबारत को भी नहीं पढना चाहती कि देश की राजनीति में वह अब हाशिये पर जा चुकी है। हिमाचल प्रदेश में सत्ता छीन लेने के बावजूद यही वास्तविकता है कि कांग्रेस अकेले दम भाजपा को नहीं हरा सकती। हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ ही ऐसे राज्य हैं, जहां कांग्रेस-भाजपा के बीच सीधी टक्कर है। कर्नाटक में भी कांग्रेस को जेडी एस से गठबंधन की दरकार होगी। ऐसे में भाजपा विरोधी मतों का बंटबारा रोकने के लिए विपक्षी एकजुटता की पहल उसकी मजबूरी है, लेकिन दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस से सत्ता छीनने के बाद गुजरात में भी उसके पैरों तले से जमीन छीन लेने वाली आप भला क्यों ऐसा चाहेगी?

जाहिर है, गुजरात विधानसभा चुनावों के बाद राष्ट्रीय दल की मान्यता पा चुकी आप अब मोदी को और भी आक्रामक चुनौती देते हुए अन्य राज्यों में भी कांग्रेस का विकल्प बनने की कोशिश करेगी ताकि विपक्षी एकता का केंद्र वह स्वयं बन पाए। आप इस बात से भी उत्साहित है कि उसके पास अरविंद केजरीवाल हैं, जिनके नाम और चेहरे पर दिल्ली के बाहर अन्य राज्यों में भी वोट मिल जाते हैं। ऐसे में जबकि हमारी बहुदलीय राजनीति भी व्यक्ति केंद्रित हो गई है, बिना लोकप्रिय नेतृत्व के कांग्रेस के लिए आप से अपनी जमीन बचा पाना आसान तो हरगिज नहीं होगा।

# आत्महत्या: अति महवाकांक्षा की परिणति

**डा.सुरजीत सिंह गांधी**

हाल में राजस्थान के कोटा शहर में तीन छात्रों द्वारा की गई आत्महत्या समाज के समक्ष अनेक यक्ष प्रश्न खड़े करती है, जिनके उत्तर आज तलाशने ही होगे।

अपने जीवन लीला समाप्त करने वाले तीनों छात्र कोटा में इंजीनियरिंग और मेडिकल की तैयारी करने के लिए आए थे। लगभग 3800 करोड़ रुपये का कोचिंग व्यवसाय संचालित करने वाला यह शहर भविष्य के सुनहरे सपनों को बेचता है। प्रतियोगिता की दौड़ में मानसिक दबाव को न झेल पाने वाले छात्र आत्महत्या के मार्ग को चुनने के लिए मजबूर हो जाते हैं।

नेशनल क्राइम ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार देश में औसतन दस हजार बच्चे प्रति वर्ष आत्महत्या करते हैं। बच्चों द्वारा की जाने वाली आत्महत्या के आंकड़ों से स्पष्ट है कि इसको रोकने के प्रयास कागजों पर ही हो रहे हैं। अभिभावकों, अध्यापकों, कोचिंग संस्थाओं, समाज आदि को मिलकर सोचना होगा कि बच्चों की आत्महत्याओं को कैसे रोका जाए। प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चों को डक्टर, इंजीनियर, आईएएस बनाने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाने के लिए तैयार है।

बच्चों के कोमल कंधों पर अभिभावक अपनी महवाकांक्षाओं और कुंठाओं का इतना अधिक बोझ डाल देते हैं कि बच्चे अपने सपनों को ही छोड़ देते हैं। कोचिंग संस्थाएं भी मानसिक दबाव पैदा करने में कसर नहीं छोड़तीं। मेडिकल, इंजीनियरिंग, आईआईटी, एमबीए, आईएएस आदि कोचिंग संस्थान अपने आप को इस प्रकार ग्लैमराइज करते हैं कि जीवन में हासिल करने लायक बस यही एक उद्देश्य है। सफल छात्रों को इस प्रकार से हीरो बना कर पेश किया जाता है कि तैयारी करने वाला छात्र आसानी से इनके जाल में फंसता जाता है। कोचिंग संस्थानों के एक-एक बैच में 500 से 600 छात्र होते हैं। बच्चों की योग्यता के आधार पर उनको अलग-अलग बैठाया जाता है। आगे निकलने की होड़ में छात्र स्वयं को अकेला महसूस करने लगते हैं, डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। जब स्वयं को असहाय पाते हैं, तो आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर हो जाता है।



**2019 में आत्महत्या करने वाले 1557 छात्र 18 वर्ष से कम उम्र के थे। इनमें से 30 प्रतिशत से अधिक छात्रों ने परीक्षा में असफल रहने पर आत्महत्या की थी। मेडिकल और इंजीनियरिंग की सीमित सीटों के कारण प्रतियोगिता में सफल होने का दबाव निरंतर बढ़ता जा रहा है। 2022 में जेईई मेंस में करीब 10 लाख लोगों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से केवल 40,172 उत्तीर्ण हुए अर्थात उत्तीर्ण होने की दर मात्र 4 प्रतिशत है। आईआईटी की 16,000 सीटों के सापेक्ष उत्तीर्ण होने की दर मात्र 16 प्रतिशत थी। नीट में 17 लाख से अधिक छात्र परीक्षा में बैठे थे जिसमें यह दर 5 प्रतिशत रही। आईएएस की लगभग 1000 सीटों के लिए लगभग 6 से 7 लाख लोग परीक्षा देते हैं। सरकारी नौकरी के प्रति आकषर्ण के कारण युवा अपने जीवन के उत्पादक वर्ष इन कोचिंग संस्थानों में ही बिता देते हैं। हमें समझना होगा कि जीवन प्रतियोगिता नहीं है, और न ही हम मशीनों का निर्माण कर रहे हैं।**

2019 में आत्महत्या करने वाले 1557 छात्र 18 वर्ष से कम उम्र के थे। इनमें से 30 प्रतिशत से अधिक छात्रों ने परीक्षा में असफल रहने पर आत्महत्या की थी। मेडिकल और इंजीनियरिंग की सीमित सीटों के कारण प्रतियोगिता में सफल होने का दबाव निरंतर बढ़ता जा रहा है। 2022 में जेईई मेंस में करीब 10 लाख लोगों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से केवल 40,172 उत्तीर्ण हुए अर्थात उत्तीर्ण होने की दर मात्र 4 प्रतिशत है। आईआईटी की 16,000 सीटों के सापेक्ष उत्तीर्ण होने की दर मात्र 16 प्रतिशत थी। नीट में 17 लाख से अधिक छात्र परीक्षा में बैठे थे जिसमें यह दर 5 प्रतिशत रही। आईएएस की लगभग 1000 सीटों के लिए लगभग 6 से 7 लाख लोग परीक्षा देते हैं। सरकारी नौकरी के प्रति आकषर्ण के कारण युवा अपने जीवन के उत्पादक वर्ष इन कोचिंग संस्थानों में ही बिता देते हैं। हमें समझना होगा कि जीवन प्रतियोगिता नहीं है, और न ही हम मशीनों का निर्माण कर रहे हैं।

समाज में लोगों की सामूहिक जिम्मेदारी है कि बच्चों को मेहनती, समझदार और अच्टे इंसान बनने के लिए प्रेरित करे जिससे कि वे जीवन में सफल हो सकें। जीवन के संघर्ष में अंक तालिकाएं काम नहीं आतीं, बल्कि बच्चे को व्यावहारिक ज्ञान ही दिशा दिखाता है। इस परिवर्तन की शुरुआत अभिभावकों को करनी होगी। समझना होगा कि प्रतियोगिता में सफलता ही जीवन का मापदंड नहीं है। प्रत्येक बच्चे की प्रति अलग होती है, स्वभाव और मानसिक स्तर अलग होता है। प्रत्येक स्कूल और कोचिंग संस्थान के लिए काउंसलर और मनोवैज्ञानिक की नियुक्ति को अनिवार्य किया जाना चाहिए। तनाव एवं दबाव प्रबंधन से संबंधित कक्षाओं के संचालन को बढ़ावा देने हेतु इसे सीबीएसई के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए।

13 से 19 वर्ष तक के बच्चों को, जब वे भावनात्मक परिवर्तन के दौर से गुजर रहे होते हैं, के मानसिक स्तर पर विषेश ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। इस उम्र में मां-बाप, अध्यापक, कोचिंग संस्थान, समाज आदि की असंवेदनशीलता बच्चों में गुस्सा, चिड़चिड़ापन और विद्रोह भर देती है जिससे बच्चा अपने केंद्र बिंदु से ही दूर हो जाता है। शिक्षा व्यवस्था भी इस प्रकार की होनी चाहिए कि छात्र जिज्ञासु बनें न कि मानसिक दबाव महसूस करें।

जरूरी है कि बच्चों को कोई स्किल सीखने के लिए प्रेरित किया जाए जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। यद्यपि नई शिक्षा नीति में इन विषयों को समाहित किया गया है परंतु समय ही बताएगा कि यह नीति कसौटी पर कितनी खरी उतरती है। कोटा में आत्महत्याओं से हमें सबक अवश्य सीखना होगा कि आखिर, हम कैसे भविष्य का निर्माण करना चाहते हैं। युवा ही देश की विरासत को बढ़ाने और विकास को आकार देने में सक्षम हैं।

# समस्या मॉडल में है

**कंपनी के सेल्स विभाग के लोगों ने बहुत आक्रामक अभियान चला कर उन्हें कोर्स खरीदने को मजबूर किया। वे धन बटोर ले गए। लेकिन जो वादा किया था, वह पूरा नहीं किया गया। उन लोगों का इल्जाम है कि कंपनी के सेल्समेन ने उनकी अपने बच्चों को श्रेष्ठ शिक्षा उपलब्ध कराने की इच्छा का फायदा उठाया। इन आरोपों पर बायजूस ने कहा है- हमने कभी अपने सेल्सपर्सन और मैनेजर्स कभी को ऐसे लोगों से बात करने को नहीं कहा, जो हमारे उत्पादों को खरीद नहीं सकते या खरीदना नहीं चाहते। जबकि सेल्समेन ने मीडिया को बताया है कि उन पर हमेशा टारगेट पूरा करने का दबाव रहता था। जाहिर है, ऐसी समस्याओं का मौजूदा माहौल में कोई कानूनी समाधान उपलब्ध नहीं है।**

सरकार से यह मांग की जा सकती है कि वह शिक्षा को व्यापार बनाने की तेजी से बढ़ी प्रवृत्ति के खिलाफ पहल करे। हालांकि भारत में सरकारें जिस फिलसफी से चल रही हैं, उसके बीच ऐसा होने की संभावना कम ही है।

जब शिक्षा ज्ञान-विज्ञान का स्रोत ना रह कर विशुद्ध रूप से बिजनेस बन जाती है और समाज भी उसे उसी रूप में देखने लगता है, तब शिक्षा के गोरखधंधे का फैलना कोई अस्वाभाविक बात नहीं होती। एक कंपनी जब शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को नौकरी से हटा कर उसी समय करोड़ों रुपये में ब्रांड अंबेसडर से करार करती हो, तो उसके मडल में समस्या है, यह बात खुद ही सबको समझ में आ जानी चाहिए। लेकिन ऐसा हुआ नहीं है। अब एक रिपोर्ट के मुताबिक अनलाइन लर्निंग उपलब्ध करवाने वाली कंपनी बायजूस के खिलाफ हजारों शिकायतें आ रही हैं। हालांकि 75 लाख ग्राहकों वाली इस कंपनी ने उस पर लगाए गए आरोपों का खंडन किया है, लेकिन ऐसे लोग सामने आए हैं, जिन्होंने कहा है कि कंपनी ने उन्हें धोखा दिया गया। पहले सोशल मीडिया और कंज्यूमर वेबसाइटों पर कंपनी के खिलाफ शिकायतें आ रही थीं। अब समाचार एजेंसी रयटर्स ने बायजूस के 22 ग्राहकों से बात कर एक रिपोर्ट पेश की है।

उन ग्राहकों में से अधिकतर कम आय वाले परिवार के लोग हैं। उनका आरोप है कि कंपनी के सेल्स विभाग के लोगों ने बहुत आक्रामक अभियान चला कर उन्हें कोर्स खरीदने को मजबूर किया। वे धन बटोर ले गए।

लेकिन जो वादा किया था, वह पूरा नहीं किया गया। उन लोगों का इल्जाम है कि कंपनी के सेल्समेन ने उनकी अपने बच्चों को श्रेष्ठ शिक्षा उपलब्ध कराने की इच्छा का फायदा उठाया। इन आरोपों पर बायजूस ने कहा है- हमने कभी अपने सेल्सपर्सन और मैनेजर्स कभी को ऐसे लोगों से बात करने को नहीं कहा, जो हमारे उत्पादों को खरीद नहीं सकते या खरीदना नहीं चाहते। जबकि सेल्समेन ने मीडिया को बताया है कि उन पर हमेशा टारगेट पूरा करने का दबाव रहता था। जाहिर है, ऐसी समस्याओं का मौजूदा माहौल में कोई कानूनी समाधान उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद सरकार से यह मांग जरूर की जा सकती है कि वह शिक्षा को व्यापार बनाने की तेजी से बढ़ी प्रवृत्ति के खिलाफ पहल करे। हालांकि भारत में हाल के दशकों में सरकारें जिस फिलसफी से चल रही हैं, उसके बीच ऐसा होने की संभावना कम ही है।

# क्षेत्रीय पार्टियों पर राहुल का निशाना क्यों?

यह हैरान करने वाली बात है कि राहुल गांधी ने एक बार फिर क्षेत्रीय पार्टियों को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा है किसी भी क्षेत्रीय पार्टी के पास राष्ट्रीय दृष्टि नहीं है, वे एक समुदाय या राज्य की दृष्टि का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं, लेकिन देश का नहीं। विपक्ष की ओर से कांग्रेस को राष्ट्रीय दृष्टि और विचार का एकमात्र प्रतिनिधि बताने के लिए उन्होंने विपक्ष को निशाना बनाया। कुछ दिन पहले भी उन्होंने यह बात कही थी। तब कई क्षेत्रीय पार्टियों ने इस पर आपत्ति जताई थी। लेकिन दूसरी बार में सब चुप रहे हैं। इससे लगता है कि उन्होंने इस बात को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं समझी। असल में ऐसी बातों से राहुल राजनीतिक विचारधारा के धरातल पर अपनी बातों की गंभीरता खोते जा रहे हैं।

क्या उनको अंदाजा है कि राज्यों की दृष्टि क्या होती है और वह राष्ट्रीय दृष्टि से कैसे भिन्न होती है? राष्ट्रीय दृष्टि क्या राज्यों की दृष्टि से ही मिल कर नहीं बनती है? राज्यों के नागरिक क्या राष्ट्र के नागरिक नहीं होते हैं? क्या उनको अंदाजा नहीं है कि राष्ट्र की बहस में पडने से कांग्रेस को क्या नुकसान हो सकता है? असल में हर नागरिक भारत राष्ट्र राज्य का नागरिक है, हर राज्य राष्ट्र का हिस्सा है और हर क्षेत्रीय पार्टी राष्ट्रीय दृष्टि का प्रतिनिधित्व करती है। अगर राहुल गांधी और कांग्रेस आदिवासी



को इस देश का मालिक बता रही है तो झारखंड मुक्ति मोर्चा की पूरी राजनीति इसी की है। वह भी आदिवासी को जल, जंगल, जमीन का मालिक मान कर उसके अधिकार की लड़ाई लड़ती है। कांग्रेस से बेहतर तरीके से दूसरी क्षेत्रीय पार्टियां पिछड़ों और दलितों की लड़ाई लड़ती हैं। सीमावर्ती राज्यों को राज्य के साथ साथ राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी अलर्ट रहना होता है। जहां तक भाजपा से लडने की बात है तो ज्यादातर क्षेत्रीय पार्टियां कांग्रेस के मुकाबले बेहतर लड़ाई लड़ रही हैं, भाजपा को चुनौती दे रही हैं और उसे हरा भी रही हैं। कांग्रेस की खुद की राजनीति इन क्षेत्रीय पार्टियों के सहारे चल रही है। इसलिए उन्हें इस बारे में सोच समझ कर बोलना चाहिए।

# दौडने से काफी अलग है स्प्रिंटिंग, जानिए इससे होने वाले 5 प्रमुख फायदे

स्प्रिंटिंग का मतलब होता है थोड़े-थोड़े समय के लिए तेजी से दौडना। यह एक्सरसाइज फिटनेस फ्रीक लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है। यह कैलोरी बर्न करने, मांसपेशियों का निर्माण करने और मेटाबलिज्म को बढ़ाने में काफी मददगार है। इसके अलावा आप स्प्रिंटिंग करने से थकते नहीं हैं और लंबे समय तक एक्टिव महसूस कर सकते हैं। स्प्रिंट करने से आपको हाई इंटेन्सिटी इंटरवल ट्रेनिंग (एचआईआईटी) में भी काफी मदद मिलती है। चलिए आज आपको स्प्रिंटिंग के पांच फायदे बताते हैं।

स्प्रिंटिंग एक बेहतरीन एक्सरसाइज है, जो हृदय स्वास्थ्य को बेहतर करती है और आपको एक्टिव रखती है। यह एक्सरसाइज करने से जब आप आराम कर रहे होते हैं, उस वक्त कम हृदय गति प्राप्त करने में मदद मिलती है। यह आपके शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को सुधारती है और ब्लड प्रेशर को स्थिर करती है। इसकी मदद से आप हृदय संबंधित गंभीर बीमारियों के जोखिम से बचे रहते हैं।

स्प्रिंटिंग आपके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करती है। दरअसल, जब आप स्प्रिंटिंग करते हैं तो आपका शरीर एंडोर्फिन रिलीज करता है। एंडोर्फिन एक ऐसा रसायन है जो दर्द और तनाव को कम करता है और आपको सकारात्मक भावनाओं का अनुभव करने में मदद करता है। इसके साथ ही स्प्रिंटिंग आपके तनाव को दूर रख सकती है, चिंता को कम कर सकती है और डिप्रेशन को भी कम करने में कारगर है।

दौडने या जगिंग की तुलना में स्प्रिंटिंग करने से आप ज्यादा कैलोरी बर्न कर सकते हैं। शोधकर्ता बताते हैं कि स्प्रिंटिंग से ऊर्जा बर्न होने की दर बढ़ जाती है, जो किसी इंसान के एक्सरसाइज करने के बाद भी जारी रहती है। इसके अलावा यह आपके अतिरिक्त फैट को बर्न करने, आपके मेटाबलिज्म को बढ़ावा देने और आपको सही आकार में रखने में भी मदद करती है। आप एचआईआईटी वर्कआउट के एक पार्ट के रूप में स्प्रिंटिंग कर सकते हैं।

# हमारी सनातन संस्कृति व हमारे साधु–संत सर्वे भवन्तु सुखिन: के सिद्धांत की प्रेरणा देते हैं: सीएम







देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को ऋषिकेश स्थित डी.एस.बी. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में प्रतिभाग किया। उन्होंने विद्यालय के छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यार्थियों को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करने तथा अथक परिश्रम के साथ जीवन में सफलता हासिल करने को कहा। विद्यार्थी अपने सपनों को साकार कर अपनी कामयाबी से शिक्षकों, परिजनों के साथ प्रदेश का मान सम्मान बढ़ाने का प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति व हमारे साधु–संत ‍ह्लसर्वे भवन्तु सुखिनः‍ह्ल के सिद्धांत की प्रेरणा देते हैं। संत केवल कार्य से ही नहीं, अपितु अपने आचरण से भी समाज को शिक्षा और दृष्टि प्रदान करते हैं। संतों का जीवन परोपकार के लिए होता है। समाज को सही राह दिखाना ही संतों ने अपना धर्म माना है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारी जी द्वारा 2007 में स्थापित यह स्कूल आज शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम प्राप्त कर रहा है। उन्होंने ब्रहमलीन देवेन्द्र स्वरूप ब्रह्मचारी के जीवन को लोक कल्याण के लिए समर्पित बताते हुए कहा कि स्नेह, आत्मीयता व परोपकार उनकी जीवनशैली थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जयराम जी से लेकर देवेन्द्र स्वरूप ब्रह्मचारी जी का पूरा जीवन लोक कल्याण और समाज सेवा के लिए समर्पित रहा है। ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी अपने गुरूओं के संकल्पों को पूर्ण करने के लिए समर्पित भाव से सेवा कार्य में लगे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ब्रह्मलीन देवेंद्र स्वरूप ब्रह्मचारी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा शहीदों के परिजनों को शॉल भेंटकर सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने छात्र–छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी सराहना की तथा उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मेयर अनीता मंमगाई, ब्रह्म स्वरूप ब्रह्मचारी महाराज, महामंडलेश्वर रामेश्वरानंद, टी.के शर्मा, प्रिंसिपल डीएसबी शिव सहगल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## नरेंद्रनगर विस के व्यासी सहित अन्य गांवों में पेयजल संकट गहराया

नई टिहरी : मंजली गांव के खड्ड का पानी निर्माणाधीन रेलवे सुरंगों में समा जाने से नरेंद्रनगर विधानसभा के व्यासी सहित निकटस्थ गांव के लोगों को बीते एक सप्ताह से पीने की पानी की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आलाधिकारियों के दावों के बाद भी ग्रामीण पेयजल के लिए खासी किल्लत झेल रहे हैं। पानी की किल्लत को लेकर जल्दी ही स्थानीय लोग डीएम से मिलेंगे।

रेलवे विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के कर्ण प्रयाग रेल परियोजना के तहत अटाली (व्यासी) में पैकेज तीन के तहत करवाये जा रहे सुरंग निर्माण के कारण यहां के स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ गई है। एडिट 2 व 3 की सुरंग में मंजली गांव का गदेरा का पानी समा जाने से लगभग ढाई सौ अधिक परिवारों सहित व्यासी क्षेत्र में के रिजार्ट व होटलों को पीने के पानी की भारी किल्लत का सामना बीते सप्ताह से करना पड़ रहा है। आरवीएनएल सहित स्थानीय प्रशासन भी अब तक पेयजल की समस्याओं के समाधान को लेकर आगे नहीं है। आरवीएनएल के अधिकारी ज्वाईंट सर्वे करवाकर आगे समाधान की बात तो कर रहे हैं। प्रशासन भी टैंकरों से पानी देने की बात कह रहा है। जबकि स्थानीय लोग इस बात से परेशान हैं कि कब ज्वाईंट सर्वे होगा, कब पेयजल का समाधान होगा। सबसे ज्यादा परेशानी इस क्षेत्र के होटलों, रिजार्ट और व्यसायियों को करनी पड़ी रही है, पानी के कारण उनका कारोबार बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। वे स्थानीय प्रशासन से निकटस्थ गंगा से पानी लिप्ट कराने की परमिशन की भी मांग कर रहे हैं। अटाली की प्रधान दीपा देवी सहित स्थानीय लोगों में महेंद्र सिंह रावत, जय सिंह रावत, गजेंद्र राणा, प्रवीन सिंह, विजय पयाल, सुरेश, राजपाल, केंद्र सिंह आदि का कहना है कि बीते एक सप्ताह पहले मंजली खड्ड में लगातार पानी था, यह बारहमासी पानी है, लेकन यकायक पानी गायब हो गया है। जिससे अंदेशा है कि पानी सुरंग में समा गया है। इस खड्ड के पानी से ही लगभग ढाई सौ अधिक परिवारों सहित स्थानीय कारोबारी को पानी मिलता है। अटारी गंगा रिजार्ट के स्वामी वैभव काला का कहना है कि खड्ड का पानी सुख जाने से परेशानी बढ़ी है।

## बेहतर गांव के निर्माण में वार्ड सदस्यों की होगी मुख्य भूमिका

रुद्रप्रयाग : पंचायती राज विभाग के सहयोग से पंचायत प्रतिनिधियों का दो दिवसीय क्षमता विकास प्रशिक्षण संपंन हो गया। इसमें गांवों के विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जबकि शत-प्रतिशत विकास लक्ष्यों को 2030 से पहले हासिल करने पर जोर दिया गया। वार्ड सदस्य जीतपाल सिंह ने बताया कि वार्ड सदस्यों को प्राथमिकता में नहीं रखा जाता है, साथ ही अगर बेहतर गांव का निर्माण करना है तो वार्ड सदस्यों को मुख्य भूमिका में रखा जाए।तल्लानागपुर क्षेत्र के न्याय पंचायत चोपता में आयोजित प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी राजेश कुमार ने गांवों के शत-प्रतिशत विकास लक्ष्यों को 2030 से पूर्व हासिल करने में प्रधान व वार्ड सदस्यों का अहम योगदान साबित होगा। अधिक से अधिक ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को इस प्रशिक्षण का लाभ होगा। प्रशिक्षक अनूप बडोनी ने बताया कि शत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण की अवधारणा के विषय पर वार्ड सदस्यों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। जिसमें 9 थीम को शामिल करते हुए 17 बिंदुओं पर विशेष चर्चा की। इस प्रशिक्षण में सभी ग्राम प्रधान गणों एवं वार्ड सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शिवालिक एजुकेशन सोशल वेलफेयर हुमन रिसोर्स संस्था के कुलदीप नेगी ने गांवों के विकास कार्यों से संबंधित विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर अभिवन पन्त, देवेंद्र नेगी, दयाल सिंह रावत, प्रधान कुण्डा दानकोट जीतराज, प्रधान कोलू भोनू सरिता देवी, प्रधान लोदला गीता देवी, मानेंद्र कुमार, रणवीर फरस्वाण, हरीश गुंसाईं, दलेव सिंह, संतोष कुमार, भरत सिंह, प्रेम सिंह नेगी समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। (एजेंसी)

## खांड विडकोट की सिंचाई नहर क्षतिग्रस्त, खेत हुए बंजर

नई टिहरी : एनएच-94 के चौड़ीकरण के दौरान ग्राम पंचायत खांड विडकोट की सिंचाई नहर क्षतिग्रस्त होने ग्रामीणों के सिंचित खेती बंजर हो गये हैं। ग्रामीणों ने डीएम से क्षतिग्रस्त सिंचाई नहर मरम्मत के साथ गांव को सड़क मार्ग से भी जोड़ने की मांग की है।

थौलधार ब्लॉक के खांड विडकोट गांव के ग्राम प्रधान चतर सिंह चौहान ने बताया कि वर्ष 2020-21 में एनएच-94 चंबा–धरासू का बीआरओ ने चौड़ीकरण करवाया। एनएच के चौड़ीकरण के दौरान गांव की वर्षों पुरानी सिंचाई नहर करीब एक किमी. पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, नहर के क्षतिग्रस्त होने से खेत बंजर हो चुके हैं। पूर्व में नहर की मरम्मत के संबंध में कई बार बीआओ के अधिकारियों को लिखित एंव मौखिक रुप से अवगत करवाया गया, जिसके बाद बीआरओ और सिंचाई विभाग के अधिकारियों की टीम ने नहर का संयुक्त निरीक्षण कर नहर की मरम्मत के लिये एक करोड़ 28 लाख रुपये का इस्टमेट बनाया। लेकिन एक वर्ष बीते जाने के बाद भी नहर की मरम्मत नहीं हो पाई है। उन्होंने डीएम से संबधिंत विभाग को जल्द क्षतिग्रस्त नहर की मरम्मत करने के निर्देश देने की मांग की है। उधर ग्राम प्रधान ने बताया कि टिहरी बांध की झील बनने के बाद वर्ष 2007 में उनके गांव के लिये बना टैक्सी सड़क मार्ग बांध की झील में डूब चुका है। गांव तक सड़क न होने के कारण ग्रामीणों भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने डीएम से गांव को सड़क से जोड़ने की मांग भी की है। ज्ञापन देने वालों में कनिष्ठ उप प्रमुख ज्ञान सिंह चौहान, राजपाल गुसाईं, बलदेव कुमाईं, रुपराम, राजीराम, गोविन्द लाल, अव्वल सिंह, मुकेश आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### गैंडा मेला में उमड़ी भीड़

चमोली : गैरसैंण प्रखंड के आली मज्याणी गांव में गत 16 दिसंबर से आयोजित पांडव नृत्य का गुरूवार को गैंडा मेले के बाद संपन्न हो गया।

उत्तराखंड की प्राचीन धरोहर इस मेले को देखने के लिए दर्शकों की खूब भीड़ उमड़ी।

## एक नजर

### कर्मचारियों के हितों में काम करेगी नई कार्यकारिणी

नई टिहरी : टिहरी के कोटेश्वर बांध में संविदा और ठेके पर कार्यरत कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। कार्यकारिणी में राजेश कोठारी अध्यक्ष, रमेश पंत कार्यकारी अध्यक्ष, भरत रावत, चकोरी लाल, मस्तराम भट्ट तथा सुनील को उपाध्यक्ष, प्रमोद थलवाल महामंत्री, विशाल कुमार, हीरालाल चमोली को मंत्री बनाया गया है। इसके अलावा सुमन चमोली कार्यालय मंत्री, प्यारेलाल चमोली संगठन मंत्री, अंकित नेगी कोषाध्यक्ष, दिनेश चंद, बलवीर पंवार, जयपाल चौहान, विकास बहुगुणा को प्रचार मंत्री तथा जितेंद्र बेलवाल, ईश्वर सिंह, बीरबल बागड़ी, कमल चौहान, कृष्णा दत्त बहुगुणा को सदस्य बनाया गया है। अध्यक्ष ने कहा कि नई कार्यकारिणी कर्मचारियों के हितों के लिये कार्य करेंगी। (एजेंसी)

### विधायक और सीडीओ के आश्वासन पर स्थगित किया धरना

चमोली : गैरसैंण तहसील में 13 दिसंबर से क्षेत्र की विभिन्न मांगों को लेकर चल रहा धरना विधायक अनिल नौटियाल और सीडीओ के आश्वासन के बाद स्थगित कर दिया गया है। वहीं आंदोलनकारियों का कहना है कि यदि तय समय में मांगों पर कार्यवाही न हुई तो आगामी 5 जनवरी से आमरण अनशन किया जायेगा।

पूर्व राज्य मंत्री एवं उद्योग व्यापार मंडल के गढ़वाल प्रभारी सुरेश बिष्ट ने कहा कि गैरसैंण की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष हरि कृष्ण भट्ट, प्रधान संघ अध्यक्ष पान सिंह नेगी, जिपंस अवतार पुण्डीर, रामगंगा टैक्सी यूनियन अध्यक्ष दान सिंह नेगी, ममंदल अध्यक्ष राधा बिष्ट, क्षेपंस विरेन्द्र लाल, कुंदन मेहरा, प्रधान गोवर्धन प्रसाद, बार संघ अध्यक्ष केएस बिष्ट, गैरसैंण स्थाई राजधानी संघर्ष समिति अध्यक्ष नारायण बिष्ट, हुकम सिंह, दान सिंह दानू, दीवान राम, बागेन्द्र लाल, इंद्रा देवी, चंद्रा देवी सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## सचिव आपदा प्रबन्धन ने की प्रदेश में शीतलहर से आमजन एवं पशुओं के बचाव हेतु तैयारियों की समीक्षा

### शीतलहर से जरूरतमंदों के बचाव एवं सहायता हेतु धन की कमी से व्यवस्थाएं बाधित न हो: डा० सिन्हा



देहरादून। प्रशासन द्वारा शीतलहर से आम जनमानस के बचाव के लिए हर संभव व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। प्रत्येक जनपद को शीतलहर से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं जुटाने हेतु 10 लाख रुपये का अतिरिक्त बजट दिया जा रहा है।

शीतलहर से जरूरतमंदों के बचाव एवं सहायता हेतु धन की कमी से व्यवस्थाएं बाधित न होने के स्पष्ट निर्देश सचिव आपदा प्रबन्धन ने गुरुवार को सचिवालय में राज्य के सभी जिलाधिकारियों को दिए हैं। सचिव आपदा प्रबन्धन ने राज्य के समस्त जिलाधिकारियों तथा एस0डी0आर0एफ0, वन विभाग, खाद्य आपूर्ति, चिकित्सा, मौसम विभाग, जल संस्थान, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग तथा यूपीसीएल के अधिकारियों के साथ प्रदेश में शीतलहर से आमजन एवं पशुओं के बचाव हेतु तैयारियों की समीक्षा की।

सचिव आपदा प्रबन्धन ने जिलाधिकारियों को सभी तहसीलों में अस्थायी रैनबसेरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने, रैन बसेरों में समस्त मूलभूत सुविधाएं बिजली, पेयजल, शौचालय, बिस्तर तथा हीटर की व्यवस्था करने, जिलों में पर्याप्त मात्रा में अलाव जलाने की व्यवस्था, कंबल वितरण, दुर्गम व दूरस्थ क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में राशन आपूर्ति, दवाईयों, पशुओं के चारे, चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

सचिव आपदा प्रबन्धन ने वन निगम को अलाव जलाने हेतु पर्याप्त मात्रा में लकड़ी की आपूर्ति के भी निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी को बर्फबारी के कारण बन्द होने वाली सड़कों पर पहले से ही आवश्यक उपकरण तथा कार्मिक तैनात करने को कहा। इसके लिए जेसीबी तथा स्नो कटिंग मशीनों व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही लोक निर्माण तथा परिवहन विभाग को सख्त निर्देश दिए गए है कि राज्य में पाले तथा कोहरे के कारण किसी भी प्रकार की दुर्घटना नही होनी चाहिए। इसके लिए पाले को हटाने के लिए नमक एवं चूने का नियमित छिड़काव तथा कोहरे से बचाव हेतु फॉग लाइट व रिफलेक्टर की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग को स्नो ब्लोवर की आपूर्ति का प्रस्ताव बनाकर जल्द से जल्द शासन को भेजने के निर्देश भी दिए गए हैं।

सचिव आपदा प्रबन्धन ने सभी जिलाधिकारियों एव उपजिलाधिकारियों को जनपदों में शीतलहर से बचाव की व्यवस्थाओं के निरीक्षण हेतु नियमित रात्रि गशत के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राज्य में भारी बर्फबारी वाली ट्रैक रूट बन्द करवाने के भी निर्देश दिए। सचिव आपदा प्रबन्धन ने यूपीसीएल को शीतलहर एवं बर्फबारी के दौरान दूरस्थ क्षेत्रों में बिजली की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु पर्याप्त मात्रा में स्पेयर पार्टस, डिसेन्ट्रलाइज इन्वेन्टरी तथा कुशल कार्मिक की तैनाती के निर्देश दिए।

इस अवसर पर निदेशक मौसम विभाग विक्रम सिंह, अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी जिलो के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## राज्यपाल ने किया उत्तराखण्ड बाल कल्याण परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रम "मिलकर रहना सीखो" में प्रतिभाग



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने वीरवार को राजभवन ऑडिटोरियम में उत्तराखण्ड बाल कल्याण परिषद् द्वारा आयोजित कार्यक्रम "मिलकर रहना सीखो" में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्पर्धाओं के विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया।

राज्यपाल ने कहा कि बाल कल्याण परिषद् द्वारा यह सराहनीय पहल की गई है कि जिसमें जनपदों के दूर–दराज के बच्चों को एक दूसरे के साथ रहकर कई चीजें सीखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि बच्चे इस शिविर से कुछ अच्छा अवश्य सीखकर जाएंगे। राज्यपाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने अंदर छुपी प्रतिभाओं को अवश्य निखारें। प्रत्येक बच्चे में एक अलग तरह की प्रतिभा है उसे पहचानना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चे असीमित सपने देखें और अनुशासन व कड़ी मेहनत के बल पर उसे प्राप्त करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि बच्चों को चाहिए कि वे हमेशा नई चीजों को सीखते रहें और इसमें किसी प्रकार का संकोच न करें।

### पहले दिन देहरादून, नैनीताल और पौड़ी का दबदबा रहा

ऋषिकेश। श्यामपुर न्याय पंचायत के खदरी खड़कमाफ राजकीय इंटर कॉलेज खदरी में राज्यस्तरीय विद्यालयी तीन दिवसीय बालक खो–खो प्रतियोगिता शुरू हुई। पहले दिन 11 मुकाबले खेले गए। इनमें देहरादून, नैनीताल और पौड़ी का दबदबा रहा। सभी मैच नॉकआउट चरण में खेले जा रहे हैं। गुरुवार को राज्य स्तरीय बालक वर्ग खो–खो प्रतियोगिता का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख भगवान सिंह पोखरियाल और मुख्य शिक्षा अधिकारी देहरादून मुकुल कुमार सती ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य शिक्षा अधिकारी मुकुल कुमार सती ने कहा शिक्षा के साथ–साथ बच्चों को खेलकूद का ज्ञान कराना भी अनिवार्य है।

### बच्चों को विद्यालय भेजने के बजाय अभिभावक धरना देने पहुंचे

विकासनगर। कालसी ब्लॉक के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मटियावा में शिक्षकों और ग्रामीणों के बीच 20 दिसंबर से शुरू हुई तकरार अब धरना प्रदर्शन तक पहुंच गई है। बीते तीन दिनों से अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय नहीं भेज रहे हैं। गुरुवार को विद्यालय में बच्चों का इंतजार कर रहे शिक्षक तब हैरान रह गए जब सुबह दस बजे बड़ी संख्या में अभिभावक नारेबाजी करते हुए विद्यालय पहुंचे। कुछ देर प्रदर्शन करने के बाद सभी अभिभावक विद्यालय प्रांगण में ही धरने पर बैठ गए। इस दौरान अभिभावकों ने प्रधानाचार्य कक्ष पर भी ताला जड़ दिया। दोपहर दो बजे बाद प्रशासन ने नायब तहसीलदार को अभिभावकों से वार्ता के लिए भेजा, लेकिन विभागीय उच्चाधिकारियों से वार्ता की मांग पर अड़े ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार को बिना वार्ता किए बैरंग ही लौटा दिया। जानकारी के अनुसार बीते मंगलवार को पीटीए बैठक में शामिल होने राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मटियावा पहुंचे अभिभावक विद्यालय में मात्र दो शिक्षकों को मौजूद देखकर भड़क गए थे। अभिभावकों ने विद्यालय पर ताला जड़ दिया था। बुधवार को सभी शिक्षकों के विद्यालय पहुंचने पर भी अभिभावकों ने अपने बच्चों को विद्यालय नहीं भेजा। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अभिभावकों को वार्ता के लिए बुलाया ।

## डीएम अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक






देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वार्षिक ऋण योजना 2022–23 के अन्तर्गत त्रैमास सिंतबर 2022 तक प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेशंन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, शासकीय प्रायोजित योजनाओं, ग्राम स्वरोजगार प्रशिक्षण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका, राष्ट्रीय शहरी आजीविका, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना आदि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर नाबार्ड की स्मारिका संभाव्यतायुक्त ऋण योजना 2023–24 का विमोचन किया गया। जिलाधिकारी ने बैंकों को संचालित योजनाओं की लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति बढ़ाने तथा विभागों एवं बैंको को आपसी समन्वय करते हुए विभिन्न रोजगार परख योजनाओं हेतु प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष बैंको को ऋण वितरण कार्यों में तेजी लाते हुए पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं हेतु प्राप्त आवेदनों को लंबित न रखें बल्कि विभागों के समन्वय से निस्तारण करें यदि किन्हीं आवेदनों में अभिलेखीय कमी है तो उनको दूर कराएं आवेदनों को निरस्त न करें। उन्होंने बैंकों को सीडी रेशियो बढ़ाने के निर्देश दिए।

जिला अग्रणीय बैंक के प्रबंधक ने अवगत कराया है कि वार्षिक ऋण योजना 2022–23 के अन्तर्गत सिंतबर 2022 तक वार्षिक लक्ष्य 5682.10 करोड़ के सापेक्ष उपलब्धी 3269.94 करोड़ रही जोकि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 57.54 प्रतिशत प्रगति रही। सीडी रेशियो 34 प्रतिशत रहा। कृषि क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य 1012.93 करोड़ के सापेक्ष उपलब्धि 366.04 करोड़ रही। एमएसएमई क्षेत्र में वार्षिक लक्ष्य 3770.97 करोड़ के सापेक्ष उपलब्धि 2552.13 रही इसी प्रकार अन्य प्राथमिकता क्षेत्र में वार्षिक लक्ष्य 898.20 करोड़ के सापेक्ष माह सिंतबर तक 351.75 करोड़ उपलब्धि रही।

# भारत—पाकिस्तान सीरीज पर दोनों देशों की सलाह लेंगे: पीसीबी चीफ नजम सेठी



कराची, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की प्रबंध समिति के प्रमुख नजम सेठी ने गुरुवार को कहा, जब भारत के साथ क्रिकेट संबंधों की बात आएगी तो वह सरकार की सलाह पर काम करेंगे। रमीज राजा को बुधवार को पीसीबी अध्यक्ष पद से हटाकर देश में अगले चार महीनों तक क्रिकेट का संचालन करने के लिए सेठी की अगुवाई में 14 सदस्यीय समिति बनाई गई है। इंग्लैंड के खिलाफ हालिया टेस्ट सीरीज में मिली करारी हार के बाद रमीज राजा की कुर्सी चली गई। सेठी ने लाहौर में पत्रकारों से कहा, जब भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय और अन्य क्रिकेट रिश्तों की बात आएगी तो दोनों देशों की सरकारों से सलाह ली जाएगी। भारत ने 2008 एशिया कप के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है और इसी साल 26 नवंबर को मुंबई आतंकी हमले के बाद 2009 के शुरू में होने वाली द्विपक्षीय सीरीज भी रद कर दी गई थी। पाकिस्तान ने 2012 में भारत का दौरा किया था लेकिन बीते 10 वर्षों में द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं खेला गया है। दोनों टीमें केवल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और एशियाई क्रिकेट परिषद के टूर्नामेंट में ही एक दूसरे से भिड़ी हैं।

एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान को मिली है। अक्टूबर 2022 में बीसीसीआइ के सचिव जय शाह ने इस पर एक बयान दिया था जिसके बाद लगातार पीसीबी की तरफ से प्रतिक्रियाओं का दौरा जारी है। शाह ने कहा था कि टीम इंडिया एशिया कप खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी और जरुरत पड़ी तो इसे न्यूट्रल वेन्यू पर शिफ्ट किया जाएगा। इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए पीसीबी की तरफ से प्रतिक्रिया आई थी कि यदि टीम इंडिया, पाकिस्तान नहीं जाएगी तो पाकिस्तान भी अगले साल भारत में होने वाले वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं लेगा। लेकिन अब पीसीबी के नए चेयरैन की इस पर क्या राय होती है, यह देखना दिलचस्प होगा।

## 21 महीने बाद मैदान पर लौटेगा इंग्लैंड का यह तेज गेंदबाज

नई दिल्ली, जनवरी के लास्ट में इंग्लैंड साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगा। इसके लिए इंग्लैंड टीम की घोषणा कर दी गई। टीम में 2019 के हीरो रहे जोफरा आर्चर की वापसी हुई है। जोफरा आर्चर इंजरी की वजह से 2021 से क्रिकेट के मैदान से दूर थे। फिलहाल, वह पूरी तरह स्वस्थ हो गए हैं और मैदान में धमाल मचाने को बेताब हैं।

इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज से साल 2023 का आगाज करेगी। इंग्लैंड जनवरी महीने के आखिरी सप्ताह में साउथ अफ्रीका का दौरा करेगी। इसके लिए 14 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी गई है। जोस बटलर टीम का नेतृत्व करेंगे।

**इंजरी से उभर कर टीम में की वापसी**

लंबे समय के बाद क्रिकेट में वापसी कर रहे तेज गेंदबाज जोफरा आर्चर को टॉपले, सैम करन और क्रिस वोक्स के साथ टीम में शामिल किया गया है।

# आईपीएल मिनी ऑक्शन में लागू होता है साइलेंट टाई—ब्रेकर नियम



नई दिल्ली, दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट लीग में मशहूर आईपीएल का 16वां सीजन भारत में खेला जाएगा। शुक्रवार को आईपीएल 2023 मिनी ऑक्शन कोच्चि में आयोजित किया जाएगा। पिछला सीजन कोरोना वायरस के चलते यूएई में शिफ्ट कर दिया गया था।

87 स्लॉट के लिए 10 टीम 405 खिलाड़ियों पर बोली लगाएंगी। हर टीम को खिलाड़ियों के खरीदने के कुछ नियम होते हैं उन्हीं में से एक है। साइलेंट टाई—ब्रेक नियम। इस नियम का फ्रेंचाइजी न के बराबर ही प्रयोग करती हैं, लेकिन अगर किसी टीम के पास पैसे खत्म हो गए हैं तो इस नियम का उपयोग किया जा सकता है। आइए समझते हैं इस साइलेंट ट्राई—ब्रेक नियम के बारे में।

ऐसे काम करता है टाई ब्रेकर नियम

साल 2010 में इस टाई—ब्रेक नियम को लगाया गया था। इसे मिनी ऑक्शन के लिए लागू किया गया था। इसके तहत अगर दो टीम किसी खिलाड़ी को खरीदना चाहती हैं और उनके पर्स में पैसे नहीं बचे हैं तो टाई ब्रेकर नियम लागू होता है। इसके तहत टीमों को उस खिलाड़ी के लिए सीक्रेट बोली लिखकर देनी होती है।

टीमें लगाती हैं सीक्रेट बोली

ऐसे में जिस टीम की बोली ज्यादा होती है, वह खिलाड़ी उस टीम का हो जाता है। हालांकि, खिलाड़ी को टीम के पर्स जितना ही पैसा मिलता है और बाकी रकम बीसीसीआई के पास चली जाती है। बीसीसीआई इसके लिए एक फॉर्म फिल करवाता है। उसमें सीक्रेट बोली का जिक्र किया जाता है। यहां यह भी जानना दिलचस्प होगा कि अगर ऑक्शन के दिन किसी टीम का स्लॉट पूरा नहीं होता है तो वह अगले दिन अनसोल्ड खिलाड़ियों खरीदने पर विचार कर सकती है।

# कुलदीप यादव को बाहर करने के फैसले को सुनील गावस्कर ने बताया अविश्वसनीय





नई दिल्ली, भारत के कप्तान केएल राहुल ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में जब अपने प्लेइंग इलेवन के बारे में बताया तो सब हैरान रह गए। दरअसल प्लेइंग इलेवन में पिछले मैच के जीत के हीरो कुलदीप यादव का नाम नहीं था। उनके स्थान पर 12 साल बाद टेस्ट में वापसी कर रहे जयदेव उनादकट को शामिल किया गया। फैंस के साथ—साथ टीम मैनेजमेंट के इस फैसले पर भारत के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर को भी हैरानी हुई। उन्हें ड्रॉप करने के फैसले को गावस्कर ने 'अविश्वसनीय' करार दिया।

22 महीनों के बाद अपनी टेस्ट वापसी पर कुलदीप ने 'प्लेयर आफ द मैच' का पुरस्कार जीता, चटगांव के जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में पहले टेस्ट में 188 रन की जीत के बाद भारत ने दो मैचों की श्रृंखला में 1—0 की बढ़त हासिल की। कुलदीप ने चटगांव में टेस्ट मैच में आठ विकेट चटकाए, जबकि कुल 113 रन दिए, उन्होंने पहली पारी में पांच विकेट झटके। उन्होंने बल्ले से भी महत्वपूर्ण योगदान दिया, पहली पारी में करियर के सर्वश्रेष्ठ 40 रन बनाकर और रविचंद्रन अश्विन के साथ आठवें विकेट के लिए 92 रन जोड़कर भारत को 404 रन बनाने में मदद की। ब्रॉडकास्टर सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने टॉस के बाद गावस्कर के हवाले से कहा, "मैन आफ द मैच को बाहर करना, यह अविश्वसनीय है। यही एकमात्र शब्द है जिसका मैं उपयोग कर सकता हूं। मैं काफी कड़े शब्दों का इस्तेमाल करना चाहूंगा, लेकिन यह अविश्वसनीय है कि आपने एक 'मैन आफ द मैच' को टीम में शामिल नहीं किया, जिसने 20 में से आठ विकेट झटके।"

**उनादकट ने लिया पहला विकेट**

कुलदीप यादव के स्थान पर शामिल किए गए तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने भी अपने प्रदर्शन से निराश नहीं किया। उन्होंने पहले दिन 16 ओवर की गेंदबाजी में 50 रन दिए और 2 महत्वपूर्ण विकेट भी हासिल किया। उन्होंने जाकिर हसन को आउट कर अपने टेस्ट करियर का पहला विकेट लिया।

# मैदान के बाहर भिड़ेंगे ये 10 रणनीतिकार



नई दिल्ली, कोच्चि में 23 दिसंबर को आईपीएल 2023 मिनी ऑक्शन का आयोजन किया जाएगा। क्रिकेट के फैंस इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हर कोई यह जानना चाहता है कि किस टीम के पास कितने रुपये बचे हैं। किस टीम में कितने खिलाड़ी है। कौन सी टीम किस खिलाड़ी को ऑक्शन में खरीद सकती है, लेकिन आज हम आपको 10 टीम के हेड कोच और सपोर्ट स्टाफ के बारे में बताएंगे। सबसे अधिक हैरान करने वाली बात यह कि 16वें सीजन के शुरू होने से पहले पंजाब किंग्स ने अपनी टीम के सपोर्ट स्टाफ में बड़ा फेर बदल किया।

पंजाब फ्रेंचाइजी ने मुख्य कोच अनिल कुंबले, सहायक कोच जोंटी रोड्स, बल्लेबाजी कोच जूलियन वुड और गेंदबाजी कोच डेमियन राइट को हटाकर क्रमशः ट्रेवर बेलिस, ब्रैड हैडिन, वसीम जाफर और चार्ल लैंगवेल्ट को नियुक्त किया है।

**आईपीएल नीलामी 2023 कोच और सपोर्ट स्टाफ**

चेन्नई सुपर किंग्सः स्टीफन फ्लेमिंग (मुख्य कोच), माइकल हसी (बल्लेबाजी कोच), ड्वेन ब्रावो (गेंदबाजी कोच), एरिक सिमंस (गेंदबाजी सलाहकार), राजीव कुमार (फील्डिंग कोच), टॉमी सिमसेक (फिजियो), ग्रेगरी किंग (ट्रेनर), आर रसेल (मैनेजर), मधु थोट्टापिलिल (डॉक्टर), लक्ष्मी नारायणन (हाई परफॉर्मेंस एनालिस्ट), संजय नटराजन (लॉजिस्टिक्स मैनेजर), खलील खान (मास्सेर)।

दिल्ली कैपिटल्सः रिकी पोंटिंग (मुख्य कोच), अजीत अगरकर (सहायक कोच), प्रवीण आमरे (सहायक कोच), शेन वॉटसन (सहायक कोच), जेम्स होप्स (तेज गेंदबाजी कोच), बीजू जॉर्ज (फील्डिंग कोच), पैट्रिक फरहार्ट (फिजियो), धनंजय कौशिक (सहायक फिजियो), अभिजीत साल्वी (डॉक्टर), श्रीराम सोमयाजुला (एनालिस्ट), विवेक रामकृष्ण (स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच), वेन लोम्बार्ड (स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच)।

## फिल्मी गपशप

# जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैटज् में दिखेंगी प्रक्षा बंधन फेम अभिनेत्री सादिया खातीब





इस साल अगस्त में रिलीज हुई फिल्म रक्षा बंधन में अक्षय कुमार की बहन के रूप में सबका ध्यान आकर्षित करने वाली सादिया खातीब अब निर्देशक शिवम नायक की फिल्म उजमा में नजर आएंगी. एक समय यह रोल श्रद्धा कपूर करने वाली थीं. यह फिल्म एक भारतीय लडक़ी उजमा अहमद की कहानी है, जो एक युवक के प्यार में पड़ कर पाकिस्तान चली जाती है. वहां बंदूक की नोंक पर उसका निकाह होता है और कई सारी हकीकतों से वह रू—ब—रू होती है. कैसे उजमा जान बचाकर भागती है और किस तरह से अधिकारी उसे बचाकर भारत लाते हैं, यह फिल्म में दिखाया जाएगा. फिल्म में भारतीय अफसर की भूमिका जॉन अब्राहम निभा रहे हैं.

सादिया खातीब ने 2020 में निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म शिकारा से बॉलीवुड में डेब्यू किया था और उस साल उन्हें फिल्म फेयर की बेस्ट डेब्यू फीमेल लिस्ट में नॉमीनेशन भी मिला था. सादिया ने रक्षा बंधन में अक्षय कुमार की चार बहनों में सबसे बड़ी का रोल निभाया और कहानी में उनकी अहम भूमिका थी. इस रोल के साथ सादिया ने तमाम दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया था. इस फिल्म के बाद उन्हें अब शिवम नायक की फिल्म मिली है. फिल्म की शूटिंग 2023 में शुरू होगी और अगले साल ही इसे रिलीज किया जाएगा. आहिस्ता आहिस्ता (2006) और नाम शबाना (2017) जैसी फिल्मों के निर्देशक शिवम नायर की इस फिल्म में सैफ अली खान की जगह जॉन अब्राहम ने ली है. फिल्म का नाम हालांकि अभी फाइनल नहीं है लेकिन सूत्रों का कहना है कि इसका नाम उजमा हो सकता है. यह फिल्म भारतीय महिला उजमा अहमद की सच्ची कहानी पर आधारित है. उजमा मलेशिया में एक पाकिस्तानी नागरिक ताहिर अली से मिली थीं. दोनों को प्यार हुआ और उजमा उसके साथ पाकिस्तान गई. वहां जाकर पता चला कि अली शादीशुदा है और उसके चार बच्चे हैं. पाकिस्तान में बंदूक की नोंक पर उजमा की अली से शादी करवाई गई, यौन शोषण हुआ. खुद को बचाने के लिए आखिर वह भारतीय उच्चायोग तक गईं. पासपोर्ट और पेपर्स की भी मुश्किलें थीं. लंबी कानूनी लड़ाई के बाद उजमा अपने देश भारत लौटीं. उनकी वापसी में पाकिस्तान में इंडियन डिप्लोमेट रहे जेपी सिंह और उस समय विदेश मंत्री रही सुषमा स्वराज का बहुत बड़ा हाथ था.

# पिंक आउटफिट में कृति सेनन की खूबसूरत तस्वीरें देखकर फैंस हुए बेकरार



एक्ट्रेस कृति सेनन ने थाई हाई स्लिट आउटफिट में अपने किलर लुक में कर्वी फिगर फ्लॉन्ट किया है। कृति सेनन पिंक कलर के थाई हाई स्लिट आउटफिट में कहर बरपा रही हैं। एक्ट्रेस कृति सेनन ने इस बोल्ड आउटफिट में बेहद ही कातिलाना पोज दिए, जो फैंस को काफी पसंद आ रहे हैं। डीपनेक आउटफिट में कृति सेनन बेहद बोल्ड और ग्लैमरस नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की खूबसूरती को देखकर फैंस बेकाबू हो रहे हैं। साथ ही अपने दिल की मल्लिका बनाने को बेताब हैं। एक्ट्रेस फिल्मों के साथ ही सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। कृति सेनन अपने फैंस के लिए निजी और प्रोफेशनल पलों को शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस कृति सेनन को फिल्म मिमी के लिए इस साल बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड मिला है। इंस्टाग्राम में भी एक्ट्रेस की काफी फॉलोइंग हैं।

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अपनी बोल्डनेस और खूबसूरती से फैंस के दिलों को बेताब करने का हुनर बखूबी जानती हैं। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें आते ही तेजी से वायरल हो जाती हैं। वहीं,

# बादशाह की जुगनू गर्ल आकांक्षा शर्मा ने की बोल्डनेस की हदें पार



बॉलीवुड में अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरने वाली एक्ट्रेस आकांक्षा शर्मा अपनी बोल्डनेस को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहती हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया का पारा हाई किए रहती हैं। वहीं, उनकी बोल्ड आउटफिट में कई तस्वीरें हैं जो सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरती रहीं हैं। आकांक्षा शर्मा अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस को लेकर अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं।

उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाने का काम करती हैं। टाइगर श्रॉफ और आकांक्षा शर्मा दोनों एक साथ दो वीडियोज कैसनोवा और डिस्को डांसर 2.0 में काम कर चुके हैं। एक्ट्रेस आकांक्षा शर्मा ने साल 2020 में फिल्म त्रिविक्रमा से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। इसके साथ ही आकांक्षा शर्मा हिट म्यूजिक वीडियो जुगनू में सिंगर बादशाह के साथ नजर आईं थीं। आकांक्षा शर्मा एक मॉडल और एक्ट्रेस हैं। साथ ही वो सोशल मीडिया पर भी अपनी तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया का पारा बढ़ा देती हैं।

# टीवी एक्ट्रेस शीन दास ने अपने नए शो कथा अनकही को लेकर साझा किए अपने विचार



पिया अलबेला एक्ट्रेस शीन दास अपनी अदाकारी और स्टाइल को लेकर खबरों में बनी रहती हैं। अब एक्ट्रेस नए शो कथा अनकही का हिस्सा बनने जा रही हैं, इस शो में एक्ट्रेस लीड रोल निभाएंगी। एक्ट्रेस ने इसको लेकर अपने विचार साझा किए हैं।

अपनी बात रखते हुए एक्ट्रेस ने कहा, हालांकि मैंने पहले कभी ऐसे कोई रीमेक नहीं किया, जब मेरे पास यह प्रोजेक्ट आया तो मेरे पास मना करने का कोई विकल्प नहीं था। और मैंने इस लव स्टोरी को करने के लिए हां कह दिया।बॉलीवुड में उंचाई फिल्म से अपनी शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस इस शो कथा अनकही में कथा की बेस्ट फ्रेंड रीवा का किरदार निभाया है, जो कि हमेशा ही अपनी दोस्त की मदद करने के लिए तैयार रहती है।

इस शो में कथा का किरदार अदिति शर्मा ने निभाया है जो कि शो में बहुत सारी परेशानियों का सामना करती हैं क्योंकि उसका बेटा बहुत बीमार होता है। इसमें कथा की मदद उसकी दोस्त रीवा करती है।

अभिनेत्री शीन दास ने अपने किरदार के बारे में आगे कहा, मेरा किरदार इस शो में बहुत ही प्यारा है इसीलिए आप इससे जुड़ पाएंगे। इसमें रीना और कथा के बीच बहुत ही प्यारा सा संबध दिखाया गया है जो कि एक—दूसरे के लिए हमेशा खड़ी रहती हैं। रीवा हमेशा ही कथा का दर्द और उसकी स्थिति समझती है।

जयन्त

संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन
डिग्री कॉलेज रोड़,
जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित
तथा जयन्त कार्यालय
चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग,
गैरसैंण, जनपद चमोली
उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338